उज्जैन
शुक्रवार
05
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-33
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



भांजी सिमर भाटिया की डेब्यू को लेकर अक्षय हुए इमोशनल पोस्ट लिख कहा- तुम मेरे लिए हमेशा स्टार हो; फिल्म इक्कीस से बॉलीवुड में कर रहीं एंट्री

पेज- 8

## विदेशी मेहमानों से मिलने नहीं देती सरकार, यह मोदी की इनसिक्योरिटी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है। राहुल का यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे से कुछ घंटे पहले आया। उन्होंने कहा, 'आमतौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता एलओपी से मिलते हैं। वाजपेयी जी के समय यह होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी होता था। लेकिन अब सरकार उन्हें यह संदेश देती है कि एलओपी से न मिलें। जब मैं विदेश जाता हूं तब भी यही किया जाता है।

## एच-1बी वीजा सोशल मीडिया अकाउंट की जांच के बाद मिलेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच-1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें। यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमेरिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच-1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच-4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा। ऐसा पहली बार है, जब एच-1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है। नए नियम 15 दिसंबर से लागू होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सभी दूतावासों को निर्देश जारी किए हैं।

## दावा- फ्रांसी राष्ट्रपति बोले- यूक्रेन को धोखा दे सकता है अमेरिका



**फ्रांस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी है कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। जर्मन अखबार डेर श्पीगल के मुताबिक 1 दिसंबर को यूरोपीय नेताओं की एक सीक्रेट वीडियो कॉल लीक हो गई थी। जिसमें जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो के महासचिव मार्क रूटे, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शामिल थे।

## गुजरात में 17 लाख से ज्यादा मरे हुए वोटर मिले

**नई दिल्ली।** गुजरात में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से पता चला है कि राज्य की मौजूदा वोटर लिस्ट में अभी भी 17 लाख से ज्यादा मरे हुए वोटर शामिल हैं। यह जानकारी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने जारी की है। रिलीज के मुताबिक पिछले एक महीने में रजिस्टर्ड पांच करोड़ से ज्याद वोटरों को फॉर्म बांटे गए हैं। 33 जिलों में, 100% काम पूरा हो चुका है। लौटे हुए फॉर्म को डिजिटाइज करने का काम जारी है। इधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इससे जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं। मुर्शिदाबाद में रैली के दौरान बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले धार्मिक राजनीति कर रही है, वह उसी डाल को काट रही है, जिस पर बैठी है।

# सहारनपुर में 200 करोड़ रु. की कोडीन सिरप की तस्करी

### बिहार से लेकर बांग्लादेश तक नशे का नेटवर्क, 15 हजार बोतलें मिली गायब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स ने सहारनपुर को केंद्र बनाकर चल रहे कोडीन सिरप माफिया के नेटवर्क को उजागर किया है। जांच में पता चला है कि कोडीन और फेंसेडिल आधारित सिरप की अवैध सप्लाई केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं थी, बल्कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश बांग्लादेश तक फैली हुई थी। यह पूरा नेटवर्क अब तक 200 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई कर चुका है।

एसटीएफ ने कुछ दिन पहले सहारनपुर से 4 लोगों (विभोर राणा, विशाल सिंह, बिट्टू कुमार और सचिन कुमार) को गिरफ्तार किया था। टीम ने आरोपियों से 2 पिस्तौल, 10 कारतूस, 4 मोबाइल फोन और बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक और अन्य दस्तावेज बरामद किए। जिससे देश भर में फैले रैकेट का पता चला है। जिनके आधार पर एसटीएफ नेटवर्क के अन्य हिस्सों तक भी कार्रवाई बढ़ाने की तैयारी में है।





आरोपियों से 2 पिस्तौल, 10 कारतूस, 4 मोबाइल फोन और बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक और अन्य दस्तावेज बरामद

#### एबॉट की सुपर-डिस्ट्रीब्यूशनशिप के सहारे बना 200 करोड़ का रैकेट

- पूछताछ में विभोर राणा और विशाल सिंह ने बताया, हमने 2018 में जीआर ट्रेडिंग फर्म के माध्यम से एबॉट कंपनी से सुपर-डिस्ट्रीब्यूशन शिप ली थी, इसके बाद फर्जी फर्में और नकली ड्रग लाइसेंस तैयार कराए, कागजों में माल रिटेलरों को सप्लाई दिखाया जाता था, जबकि वास्तविकता में पूरी खेप नशा तस्करों को बेची जाती रही।
- एसटीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवैध सिरप नेटवर्क के तार बिहार और झारखंड से होते हुए बांग्लादेश तक जुड़े हुए थे।

#### गाजियाबाद में अवैध ट्रक मिलने से खुला पूरा रैकेट

3 नवंबर को गाजियाबाद में कोडीन सिरप से भरा एक अवैध ट्रक पकड़ा गया था। इसी से पूरे मामले का भंडाफोड़ हुआ। जांच आगे बढ़ी तो सुराग वाराणसी और जौनपुर तक पहुंचे। पता चला कि जौनपुर के 12 मेडिकल स्टोर मालिक फर्जी खरीद-फरोख्त दिखाकर करोड़ों की अवैध कमाई कर रहे थे। इसी जांच में वाराणसी के शुभम जायसवाल और उनके पिता भोला जायसवाल का नाम सामने आया। जांच गहराई तो मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल दुबई भाग गया। आरोपी अमित टाटा ने स्वीकार किया कि उसने इस नेटवर्क में 5 लाख रुपए लगाए थे और 20-22 लाख रुपए तक कमा लिए, जबकि पूरे गिरोह का सालाना अवैध कारोबार 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा था।

# अफसर ही कर रहे सड़कों के निर्माण कार्य को प्रभावित

### योजना के टेंडर को दबाकर रख लेते हैं अपने पास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में भले ही सरकार का फोकस सड़कों का जाल बिछाने पर है। लेकिन सरकार की मंशा पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही पानी फेर रहे हैं। खासकर सड़क निर्माण के कार्यों का प्रभावित किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण की किसी योजना का टेंडर होता है तो अधिकारी उसे अपने पास दबाकर रख लेते हैं। इसका असर यह होता है कि सड़क निर्माण की योजना में या तो देरी हो जाती है या अधर में लटक जाती है।

जानकारों का कहना है कि अपने आपको वजनदार मानने वाले ये अधिकारी मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों को भी महत्व नहीं दे रहे हैं।जानकारों की मानें तो लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने की वजह से मुख्य अभियंता के पद रिक्त है। ऐसे में राज्य शासन ने इन पदों पर अधीक्षण यंत्रियों को बतौर प्रभारी पदस्थ किया है। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अधिकारी अपनी ऊपरी पहुंच के चलते अपने हिसाब से अपनी पोस्टिंग कराते रहते हैं। कई बार इनमें से कुछ अधिकारियों से जुड़े मामले सामने भी आए है, लेकिन न तो उन पर विभाग द्वारा कोई किसी भी तरह का संज्ञान लिया जाता है। बताया गया है कि पिछले दिनों विभागीय मंत्री राकेश सिंह ने टेंडर कमेटी की बैठक ली, जिसमें यह बात सामने आई कि मुख्य अभियंताओं ने ऑनलाइन बिड निर्धारित समय पर खुलने के बाद भी स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजने में बेवजह विलंब किया। इस पर मंत्री राकेश सिंह ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजकर कारण पूछने के निर्देश दिए।

## पीएम कार्यालय के सबसे ताकतवर शख्स हीरेन जोशी आरोपों के घेरे में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस वाले पवन खेड़ा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीएमओ वाले हीरेन जोशी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पवन खेड़ा के बोलने के बाद एक्स और एफबी पर हीरेन जोशी के खिलाफ पोस्ट्स की लाइन लग गई है। कांग्रेस आई टी सेल ने हीरेन जोशी के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। कुछ वेबसाइट्स ने भी खबरों का प्रकाशन शुरू कर दिया है। उधर हीरेन जोशी से जुड़े करीबी लोगों ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और कहा है कि कुछ जलनखोर लोग जोशी जी को बदनाम करने में लगे हुए हैं।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन 7 मंत्रियों के साथ भारत पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम दो दिन के भारत दौरे पर पहुंचे। उनके साथ 7 मंत्रियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आया है। मोदी और पुतिन के बीच आज दो अहम बैठकें होने वाली हैं। इनमें से एक बैठक बंद कमरे में होगी। दोनों नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान भारत और रूस के बीच 25 से ज्यादा समझौतों पर मुहर लग सकती है। इससे पहले कल शाम प्रधानमंत्री मोदी खुद पुतिन को एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले लगाया। मोदी और पुतिन एक ही गाड़ी में बैठकर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री आवास पहुंचे।

# इंडिगो की 550 फ्लाइट्स कैंसिल

### एयरलाइन ने माफी मांगी, ठीक होने में 3 महीने लगेंगे, डीजीसीए के 4 सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते तीन दिनों से क्रू की कमी झेल रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली-मुंबई समेत 10 से ज्यादा एयरपोर्ट पर 550+ फ्लाइट्स कैंसिल हुईं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की 172 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं मुंबई में 118, बेंगलुरु में 100, हैदराबाद में 75, कोलकाता में 35, चेन्नई में 26, गोवा




में 11, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुईं।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने गुरुवार को एयरलाइन के अधिकारियों से मुलाकात की। एयरलाइन ने नियमों में छूट मांगी और कहा कि संचालन सामान्य करने में तीन महीने लग सकते हैं। डीजीसीए ने इंडिगो से सुधार के लिए कुछ जरूरी पहलुओं पर काम करने को कहा है।

डीजीसीए ने इंडिगो से क्रू की भर्ती, ट्रेनिंग रोडमैप, रोस्टर रीस्ट्रक्चरिंग, सेफ्टी प्लान देने और हर 15 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट भेजने को कहा। वहीं गुरुवार को इंडिगो ने माफी मांगी और कहा कि वह ऑपरेशन जल्द ठीक करने पर काम कर रही है। डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है।



## खबर एक नजर...

### गोरखपुर-भोपाल ट्रेन से गिरी इंदौर की युवती

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर गुरूवार शाम गोरखपुर-भोपाल ट्रेन से युवती गिर कर घायल हो गई। भाई उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। खबर मिलने पर परिवार उज्जैन पहुंच गया था। जीआरपी प्रधान आरक्षक बद्रीलाल राठौर ने बताया कि शाम को 5.15 बजे गोरखपुर-भोपाल ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर 1 से रवाना हुई थी। उसी दौरान चलती ट्रेन से उतरते समय युवती गिर गई, उसके साथ भाई भी था। युवती के घायल होने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर युवती के बयान दर्ज करने पहुंचे, जहां भाई पवनबिंद ने बताया कि वह इंदौर के बाणगंगा स्थित सुन्दरनगर के रहने वाले है। ट्रेन से गिरी उसकी बहन भारती पिता राजकुमार 19 साल है। भारती भोपाल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने गई थी। वह भी साथ गया था, भोपाल से लौटते समय उज्जैन पहुंचे थे और इंदौर जाने के लिये ट्रेन में चढ़े थे। लेकिन यात्रियों ने बताया कि ट्रेन इंदौर नहीं भोपाल जा रही है। बस चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में बहन गिरी है।

### दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, 5 घायल

**उज्जैन।** ग्राम लाखाखेड़ी नाहरपुर प्रतिक्षालय के सामने 2 बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर तीन और दूसरी बाइक पर चालक और उसका भाई सवार था, पांचों घायल हुए है। महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि घायलों में धर्मेन्द्र पिता बापूलाल वर्मा 45 सालउसकी बहू अनिता और पोती वेदांशी निवासी बोरखेड़ा भैरवगढ़ घायल हुई है। दूसरी बाइक पर राकेश पिता बाबूलाल दखमानिया और उसका भाई बजरंग निवासी निपानिया बदर घायल है। मामले में दोनों की ओर से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### बैंक ऑफ इंडिया में बदमाशों ने किया चोरी का प्रयास

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर बुधवार-गुरूवार रात कुछ बदमाशों ने बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास किया। सुबह जानकारी सामने आने पर पुलिस के साथ डॉग स्क्वाड, एफएसएल टीम जांच के लिये मौके पर पहुंची। आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। माधवनगर थाना क्षेत्र मक्सीरोड पर बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच बनी हुई है। गुरूवार सुबह 9 बजे के लगभग बैंककर्मी सुमित सिसौदिया पहुंचा तो उसने बैंक का ताला टूटा और शटर उचका देखा। उसने तुरंत पुलिस और बैंक मैनेजर शुभलक्ष्मी को जानकारी दी। माधनगर सीएसपी दीपिका शिंदे, थाना प्रभारी राकेश भारती टीम के साथ बैंक पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि बदमाशों ने रात में प्रयास किया था। ताला तोड़कर शटर उचकाया गया, लेकिन अंदर घुसने में नाकाम रहे, अंदर चैनल का गेट भी लगा था। बैंक मैनेजर के आने पर पता चला कि रात में गार्ड नहीं रहता था, वहीं सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े है। पुलिस ने चोरी का प्रयास करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम को बुलाया। वहीं बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। सीएसपी शिंदे ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द बदमाशों का पता लगा लिया जायेगा।

### कलयुगी पिता को भेजा जेल, पुत्र ने लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** 7 नवम्बर की रात ग्राम असावता में रहने वाले कैलाश गारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बड़नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जिसमें पता चला था कि कैलाश ने पिता भारतलाल गारी की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगाया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद मृतक के पिता के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 में प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसके बाद पिता गांव छोड़कर चला गया था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर एएसआई सरदारसिंह, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, हेमराज खरे, महेश मोर्य, नारायण सरा और गोवर्धन डाबी की टीम गठित की गई थी। गुरूवार सुबह पता चला कि पुत्र को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उकसाने वाला पिता भारतलाल गांव में दिखाई दिया है।

# उज्जैन में 12 दिसंबर से स्काई डाइविंग की शुरूआत

## 2 महीने चलेगा इवेंट, 10 हजार फीट की ऊंचाई से टूरिस्ट लगाएंगे छलांग

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मध्यप्रदेश की महाकाल नगरी उज्जैन में स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण 12 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो अगले 2 महीने यानी 15 फरवरी-26 तक चलेगा। दताना एयरस्ट्रिप उज्जैन में ये इवेंट होगा। उज्जैन में दो माह की अवधि के लिए टूरिस्ट 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी को नए और रोमांचकारी दृष्टिकोण से देख सकेंगे।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया, स्काई डाइविंग फेस्टिवल के चार सफल संस्करणों और एडवेंचर गतिविधियों के प्रति पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष पांचवें संस्करण का आयोजन (लगभग दो माह के लिए) किया जा रहा है। विगत चार संस्करण में 700 से अधिक पर्यटकों ने इस रोमांचक गतिविधि का आनंद लिया है। दताना एयरस्ट्रिप पर एडवेंचर प्रेमी आसमान में उड़ने के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।



### प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स की देखरेख में होगा इवेंट

अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया, संस्था M/s Goforth Adventure Pvt. Ltd. (Sky-high India) द्वारा स्काई डाइविंग गतिविधि संचालित की जाएगी। इसके लिए विशेष Aircraft New CESSNA 182P (fully modified for sky-diving) का उपयोग होगा। जिसकी कुल क्षमता 6 सदस्यों की है। एक समय में 2 प्रतिभागी, 2 प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स के सहयोग से स्काई डाइविंग कर सकेंगे। भविष्य में स्काई डाइविंग के साथ अन्य एयर-बेस्ड गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी।

### आधुनिक और बेहद सुरक्षित होगी राइड

स्काई डाइविंग का संचालन डीजीसीए एवं यूएसपीए द्वारा प्रमाणित संस्था स्काई-हाई इंडिया कर रही है। स्काई डाइविंग में उपयोग किए जाने वाले एयरक्राफ्ट का पंजीकरण नागरिक विमानन निदेशालय से सुनिश्चित है। संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित स्काई डाइवर एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ गतिविधि संचालित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को सुरक्षित और यादगार अनुभव प्राप्त हो सके।

### अन्य एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड प्रदेश में विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। पर्यटक और एडवेंचर लवर्स जटाशंकर रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज (9 से 19 जनवरी 2026), फोरसिथ ट्रेल रन (8 फरवरी 2026), फोरसिथ ट्रेक (24 से 26 जनवरी 2026), बर्ड वॉक (वन विहार भोपाल, बिसन खेड़ी, दौलत बड़ौदा इंदौर, पोआमा नर्सरी छिंदवाड़ा), पेंच ट्रैकिंग ट्रेल सहित कई रोमांचकारी गतिविधियों का अनुभव भी ले सकते हैं।

### इतना खर्च होगा

स्काई डाइविंग का शुल्क तीस हजार रुपए प्लस जीएसटी रहेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक समय है। प्रतिभागी बुकिंग www.skyhighindia.com पर कर सकते हैं।

# पहली बार महाकाल मंदिर की सुरक्षा संभालेंगे एक हजार कर्मी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

पहली बार महाकाल मंदिर की सुरक्षा में एक हजार जवान तैनात किए जाएंगे। इस पर 20 करोड़ रुपए सालाना खर्च होंगे। इसे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति वहन करेगी। नई एजेंसी एक जनवरी से जिम्मेदारी संभाल लेगी। यह काम चार चरण में किया जाएगा, जिसकी शुरूआत 20 दिसंबर से की जाएगी।

वर्ष 2023 में महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा के लिए पहली बार निजी एजेंसी क्रिस्टल को दायित्व दिया गया था। तब तय हुआ कि कंपनी दो साल के लिए मंदिर परिसर, महाकाल लोक और प्रवेश द्वार के साथ अन्नक्षेत्र में 500 कर्मी तैनात करेगी। इसके बदले कंपनी को दो साल के लिए 20 करोड़ रुपए भुगतान किया गया। संबंधित कंपनी का कार्यकाल अगस्त 2025 में समाप्त हो गया था। नए टेंडर नहीं होने के कारण उसे चार महीने और काम करने के लिए कहा था।



### फेसिलिटी टेंडर बाकी

मंदिर की सुरक्षा की तरह अन्य फेसिलिटी जैसे सफाई, निर्माल्य उठाना जैसे काम के लिए मंदिर परिसर में एक और टेंडर होना बाकी है। वर्तमान में यह काम केएसएस एजेंसी संभाल रही है। उसका कार्यकाल भी अगस्त में पूरा हो गया है। मंदिर प्रशासक के अनुसार सुरक्षा एजेंसी की तैनाती के बाद जल्द ही फेसिलिटी टेंडर निकाले जाएंगे। अक्टूबर में सुरक्षा के लिए टेंडर बुलाए तो देशभर की सात बड़ी सुरक्षा एजेंसियों ने रूचि दिखाई। इनमें से चार का चयन हुआ। ड्रॉ के बाद कोर सुरक्षा एजेंसी को फाइनल किया है। प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार कंपनी के अफसरों ने बुधवार को मंदिर परिसर का दौरा किया था। उन्हें मंदिर की सुरक्षा, परिसर, प्रवेश और निर्गम के बारे में बताया। कंपनी की ओर से 20 दिसंबर से सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। उसके बाद आगामी तीन चरण में एक हजार जवान मंदिर में सुरक्षा प्रबंध देखेंगे।

# 7 दिन डिस्पोजल नहीं अपनाने की समझाइश, नहीं माने तो कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन नगर निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 7 दिन नो-डिस्पोजल अभियान शुक्रवार से शुरू करने जा रहा है। निगम की आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) टीम सभी वार्डों में जाकर चाय दुकानों, गुमटियों और होटल संचालकों को डिस्पोजल के स्थान पर कांच, स्टील और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

व्यापारियों से बात करने के साथ ही टीम द्वारा महापौर और निगम परिषद के निवेदन पत्र भी देते उन्हें डिस्पोजल से वाले नुकसान बताए जाएंगे।

स्मार्ट सिटी द्वारा आईईसी गतिविधियों के लिए 8 करोड़ का टेंडर किया है। चार कंपनियों के 100 से ज्यादा वॉलंटियर शहर में जागरूकता गतिविधि करेंगे। इस क्रम में ही हर कचरा वाहन के साथ दो वॉलंटियर रहेंगे, जो व्यापारियों को भी समझाइश देंगे। निगम द्वारा 7 दिनों तक का समय दिया जाएगा। उसके बाद भी डिस्पोजल का उपयोग होता है, तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पानी-पतासे बेचने वालों को भी स्टील की प्लेट अपनाने की सलाह दी जाएगी।

माधव नगर अस्पताल कैसर विभाग प्रभारी डॉ. अमीत सोनी ने बताया कि डिस्पोजल कप-ग्लास में लगी माइक्रो प्लास्टिक की परत गर्म चाय, कॉफी या सूप के संपर्क में आते ही पिघलने लगती है। इससे बीपीए, माइक्रो- प्लास्टिक और हानिकारक रसायन सीधे शरीर में पहुंच जाते हैं। रोजाना प्लास्टिक में गर्म पेय पीना धीरे-धीरे शरीर में जहरीले तत्व जमा करता है। इससे मुख्य रूप से आंत, लीवर और किडनी के कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए कांच, मिट्टी और स्टील के बर्तन ही सुरक्षित विकल्प हैं।

**होटल वालों से की अपील-** महापौर मुकेश टटवाल ने व्यापारी वर्ग, होटल, गुमटी वालों और चाय विक्रेताओं से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल का उपयोग बंद करें। उपायुक्त योगेंद्र पटेल ने बताया कि कागज के डिस्पोजल कप भी सुरक्षित नहीं होते, क्योंकि उनमें प्लास्टिक की परत लगी होती है।

### नामांकन का डाटा देरी से आया

# अब एक माह देरी से होगी स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का नामांकन का डाटा देरी से प्राप्त होने के कारण करीब एक महीने देरी से परीक्षाएं होंगी।

विश्वविद्यालय में इस बार तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है, जबकि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया ही चल रही है। विवि की ओर से परीक्षा कार्यक्रम भी फिलहाल जारी नहीं किया है। विश्वविद्यालय के ?परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके द्विवेदी ने बताया स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तारीखें निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही समय सारणी घोषित की जाएगी। इस वर्ष से ही स्नातकोत्तर स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कुछ बदलाव हुए हैं। इस कारण नामांकित विद्यार्थियों का अलग-अलग डाटा तैयार किया है। इसके अलावा सितंबर तक चली प्रवेश प्रक्रिया के कारण भी यह प्रक्रिया लंबी चली। एनरोलमेंट डाटा आने के बाद ही कॉलेजों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लगभग 8 हजार विद्यार्थियों की परीक्षा प्रक्रिया शुरू की गई।

### सिंहस्थ के कार्यों और शिप्रा शुद्धिकरण पर ध्यान दे प्रशासन

# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और संतो ने कहा- रामघाट पर शिप्रा का जल आचमन योग्य नहीं

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

गुरुवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत सुंदर पुरी महाराज सहित अन्य संतों ने शिप्रा के हरिहर घाट से लेकर छोटी रपट तक दौरा कर जल का आचमन किया।

संतो ने शासन प्रशासन मांग की कि जिस प्रकार से सिंहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, उसी प्रकार सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी ध्यान दे। संतों ने कहा कि रामघाट पर जो शिप्रा नदी का जल है वह आचमन योग्य नहीं है, ऐसे में अभी से गंभीरता से ध्यान देना होगा।




अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि सिंहस्थ 2016 से पूर्व रामघाट के कुछ भाग में गाद निकालने का कार्य किया गया था, उसी प्रकार जहां से घाट निर्माण कार्य चालू हो रहा है, वहां से लेकर रामघाट के पूरे क्षेत्र में बड़ी-बड़ी मशीन उतार कर गाद निकलने का कार्य किया जाए इससे नदी का जो जल स्रोत रुका हुआ है, वह पुनः प्रारंभ हो सके।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखाड़ा परिषद कार्यालय प्रयागराज में एक पत्र देकर मांग की गई थी की शिप्रा शुद्धिकरण और गहरीकरण पर ध्यान दें।

उज्जैन
शुक्रवार
05
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### कलेक्टर ने तीन पटवारियों को किया निलंबित

**इंदौर।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने तीन पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने महू के तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने जिन पटवारियों को निलंबित किया है उनमें आशीष कटारे, अनिता चौहान और मेघा शर्मा शामिल हैं। इन्होंने तहसील महू के ग्राम सांतेर में खसरा नंबर 68/1 एवं 69/1 के राजस्व प्रकरण में गंभीर अनियमितता की है। इसको देखते हुए तीनों पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इन तीनों का मुख्यालय देपालपुर तय किया गया है। इधर, कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि महू तहसील की एक सरकारी जमीन का मामला संज्ञान में आया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जमीन को सरकारी किया गया था। उसमें एक सर्वे नंबर अतिरिक्त रूप से बनाया गया, जो कि निजी रहा। इसके बाद उसका डायवर्शन भी हुआ, जबकि उसको सरकारी नंबर होना था। मामला सामने आने के बाद इसकी पड़ताल की गई, तो पाया गया कि तीन पटवारी जिन्होंने इसमें लापरवाही की थी। उनके द्वारा ये नंबर बनाया गया था शासकीय नहीं किया गया। उन लोगों को तत्काल निलंबित किया गया है। जांच के आदेश भी दिए है। आगे जांच में अगर कोई तथ्य सामने आएंगे तो उसके आधार पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही भूमि को शासकीय करने की जो प्रक्रिया है उसे शुरू कर दिया गया है।

### लिव-इन में रह रही इंदौर की कॉन्स्टेबल ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाली एक महिला कॉन्स्टेबल ने सुसाइड कर लिया। वह डीआरपी लाइन में तैनात थी। बुधवार देर रात जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना शुभम नगर की है। यहां रहने वाली प्रिया यादव (28) ने अपने घर में फांसी लगाई। सूचना के बाद अफसर मौके पर पहुंचे। प्रिया यादव मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिले की रहने वाली थी। वह इंदौर डीआरपी लाइन में तैनात थी। बताया जा रहा है कि पति अमित कुमार की मौत के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। पति की मौत के बाद से ही वह तनाव में थीं। ट्रैफिक थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल कवींद्र यादव के साथ वह पिछले तीन साल से रह रही थी। कवींद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दोनों लिव-इन में रह रहे थे। रात में वह खाना खाकर टहलने गया, इसी दौरान प्रिया ने फांसी लगा ली। रात में कवींद्र ने ही पुलिस को इसकी सूचना दी थी। कवींद्र ने यह भी बताया कि दोनों जल्द ही शादी करने वाले थे। हालांकि इसी बात को लेकर उनके बीच मे किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

### पीएचडीः सबसे ज्यादा 228 सीटें मैनेजमेंट में

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के आवेदन पूरे हो चुके हैं। इस बार नॉन-डीईटी यानी जिन 21 विषयों में नेट के जरिए प्रवेश होंगे, उनमें कुल 588 सीटें रहेंगी। इसके लिए ये अभ्यर्थी इंटरव्यू देंगे। पॉलिटिकल साइंस जैसे विषय में इस बार भी एक भी सीट नहीं रहेगी। पिछले साल भी 170 अभ्यर्थियों ने एग्जाम दी थी और 155 अब भी वेटिंग में हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाएगा। वहीं, लगातार तीसरी बार सबसे ज्यादा सीटें मैनेजमेंट व कॉमर्स में ही हैं। मैनेजमेंट में 228 व कॉमर्स में 121 सीटें रहेंगी। बाकी सिर्फ. केमिस्ट्री ही विषय है, जिसमें 50 से ज्यादा सीटें हैं। बाकी विषयों में बमुश्किल 10 से 40 सीटें हैं। दो विषय - बायोकेमिस्ट्री, सोशल वर्क तो ऐसे हैं, जिनमें सिर्फ. एक-एक सीट है। इस बार भी इंजीनियरिंग के 13 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। सबसे ज्यादा 18 सीटें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में रहेंगी।

## खजराना में आग के बाद जिला प्रशासन की कार्रवाई

# निजी कृषि भूमि पर बने 20 टीन शेड ढहाए

### ज्वलनशील सामग्री जब्त कर नष्ट किया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के खजराना क्षेत्र में बुधवार शाम गोदाम में आग लगने की घटना के बाद गुरुवार सुबह प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। निजी कृषि भूमि पर कई व्यवसायियों द्वारा अवैध रूप से टीन शेड बनाकर कारोबार चलाया जा रहा था। प्रशासनिक निरीक्षण में यहां ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ भी मिले, जिन्हें नष्ट किया जाएगा।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि यहां मौजूद सभी दुकानें अवैध थीं और नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। आग के बाद पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।



एसडीएम प्रदीप सोनी ने कहा कि घटना के बाद तत्काल इलाके को सील कर दिया गया था। रहवासी क्षेत्र के बीच निजी कृषि भूमि पर 18 से 20 टीन शेड अवैध रूप से निर्माण कर उपयोग किए जा रहे थे।

### ज्वलनशील रसायन मिले

बुधवार रात पायरो उत्पाद बनाने वाले शेड में आग लगी थी। निरीक्षण में कई स्थानों पर अत्यंत ज्वलनशील रसायन मिले, जिनका संभावित उपयोग पायरो निर्माण में किया जाता था। प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, इंडस्ट्रियल हेल्थ और प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच की। जब्त सामग्री के भंडारण के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी।

### लैंड यूज परिवर्तन नहीं कराया

सोनी ने बताया कि भूमि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह भूमि सलीम पिता अनार के नाम दर्ज है। बिना लैंड यूज परिवर्तन और बिल्डिंग परमिशन लिए स्ट्रक्चर खड़े किए जाने पर सलीम के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। नोटिस जारी कर उनसे पूछताछ भी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण और खतरनाक सामग्री रखने पर शहर में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बीटआरएस की रेलिंग हटाने का काम जारी

### बस स्टॉप का हटाने का काम भी जल्द हो सकता है शुरू, फिर बनेगा डिवाइडर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

हाईकोर्ट की फटकार के बाद इंदौर के बीटीआरएस को हटाने के काम में तेजी आई है। बीटीआरएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से निकाल दिया है। जहां पर बचा है उसे भी निकालने का काम किया जा रहा है। आगामी एक-दो दिन में ये काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद संभवतः सोमवार से बीआरटीएस में बने बस स्टॉप को हटाने का काम शुरू किया जाएगा। इफ्ळर की रेलिंग और डिवाइडर हटाने के साथ ही वहां पर रोड को भरने का काम भी किया जाएगा। इसके बाद रोड के बीच में डिवाइडर बनाने के काम की शुरूआत होगी।

बता दे कि राजीव गांधी चौराहे से लेकर निरंजनपुर तक करीब 11 किमी के



बीटीआरएस को हटाने का काम तेज हो गया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट की फटकार के बाद बीटीआरएस की रेलिंग को तोड़ने के काम में तेजी आई है। बीटीआरएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से हटा दिया गया है, जहां बचा है उसे भी हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि बीआरटीएस की रेलिंग को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। एक तरफ की रेलिंग हटाई जा रही है। आगामी एक-दो दिन में एक तरफ की रेलिंग हटाने का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही रेलिंग जिस डिवाइडर में लगे है उन्हें भी तोड़ा जाएगा और रोड को प्लेन किया जाएगा। सोमवार से बीआरटीएस में बने बस स्टॉपों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बताया जा रहा है कि इसमें थोड़ा समय लग सकता है। ये काम पूरा होने के बाद बीच में डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

## आईएएस संतोष वर्मा की टिप्पणी मामले में कोर्ट में सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश के कअर संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई टिप्पणी के मामले में गुरुवार को जिला कोर्ट इंदौर में सुनवाई हुई। मामले में तुकोगंज थाना पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि इस आवेदन पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है।

यह परिवाद एडवोकेट शैलेंद्र द्विवेदी द्वारा 28 नवंबर को दायर किया गया था। परिवाद में बताया गया है कि संतोष वर्मा, जो कि रउ-रळ अधिकारी-कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष और एक कअर अधिकारी हैं, ने 25 नवंबर को भोपाल में आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में भाषण के दौरान ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में अशोभनीय, अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी की। परिवाद में कहा गया है कि इस प्रकार की टिप्पणी एक जिम्मेदार आईएएस परीक्षा पास करने वाले व्यक्ति के मुंह से निकलना न केवल उनकी घटिया मानसिकता को जाहिर करता है, बल्कि ऐसी टिप्पणी करना प्रथम द्दष्टया सामाजिक समरसता को ठेस पहुंचाने और आपसी वैमनस्य उत्पन्न करने वाला है। ऐसा व्यवहार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी से अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

# इंदौर के शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ का काम शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ को नया किया जा रहा है। इसका काम भी शुरू हो गया है। पुराने ब्लॉक निकाले जा रहे हैं। मिट्टी को खोदा जाएगा। इसके साथ ही चूहों के लिए ट्रीटमेंट कर जमीन में कांच लगाए जाएंगे, इसके बाद इसे बंद कर नए ब्लॉक लगाए जाएंगे।

दरअसल, पिछले महीने की 2 तारीख को शास्त्री मार्केट के पास शास्त्री ब्रिज पर चूहों की वजह से अचानक गड्ढा हो गया था। मामला सामने आया तो जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने एसजीएसआईटीएस कॉलेज के एक्सपर्ट के साथ दौरा किया और यहां का सुधार काम करवाया। कुछ दिनों बाद रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के आसपास चूहों की शिकायतें मिली। उन्होंने यहां का दौरा किया, तो चूहों की बिल देख चौंक गए। इसी दौरान उन्होंने शास्त्री ब्रिज पर बने फुटपाथ को देखा तो वह काफी उबड़-खाबड़ हो गया था, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।



**चूहे ना हों इसलिए लगाएंगे कांच, पुराने ब्लॉक निकालकर नए लगाए जाएंगे**

### फुटपाथ के ब्लॉक निकाले, अब लगेंगे नए ब्लॉक

जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ का काम शुरू कर दिया गया है। पुलों के मेंटनेंस और फुटपाथ का काम किया जा रहा है। फुटपाथ को भी एसजीएसआईटीएस कॉलेज के एक्सपर्ट को दिखा दिया है। रीगल से शास्त्री ब्रिज पर चढ़ने वाली भुजा पर बने फुटपाथ के ब्लॉक को निकाला जा चुका है। यहां पर पेस्ट कंट्रोल किया जाएगा, जमीन में कांच के टुकड़े डाले जाएंगे, ताकि चूहे ना हो सके। इसके साथ ही नए ब्लॉक लगाए जाएंगे और फुटपाथ बना दिया जाएगा।

### पेड़ों को कराया जाएगा शिफ्ट

उन्होंने बताया कि रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा की रोटरी को भी पक्का किया जाएगा। यहां से मिट्टी को निकाला जाएगा और यहां पर पक्का निर्माण कर दिया जाएगा। यहां पर लगे कुछ पेड़ झुक गए है, उन्हें यहां से शिफ्ट किया जाएगा। इन पेड़ों को नेहरू पार्क या बगीचे में शिफ्ट किया जाएगा। बाकी पेड़ यहीं पर रहेंगे। इनके आसपास ही निर्माण किया जाएगा। यहां भी चूहों के लिए पेस्ट कंट्रोल कर कांच के टुकड़े भरे जाएंगे, जिसके बाद यहां का भी निर्माण काम किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### बम्बाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव हुए

**उज्जैन।** उज्जैन शहर के व्यस्ततम व्यवसायीक क्षेत्र बम्बाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष वरुण शर्मा, सभापति अशोक माहेश्वरी, महासचिव कपिल कटारिया, उपाध्यक्ष विमल चोरडि?ा, माधव दाँतवानी, मनोज आलवानी, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष विजय पाटोदी, सह सचिव बाबूलाल नामदेव, प्रवक्ता हेमन्त पावेचा निर्वाचित हुए। संरक्षक बबलू यादव एवं रवि राय बनाये गए। उक्त जानकारी प्रवक्ता हेमन्त पावेचा ने दी।

### व्यापारियों ने नगर निगम से कार्तिक मेले को दो हफ्ते बढ़ाने की मांग

**उज्जैन।** शिप्रा नदी के तट पर स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड में हर वर्ष की तरह इस बार भी एक माह के लिए कार्तिक मेले का आयोजन किया गया था। नगर निगम द्वारा व्यापारी वर्ग को मेले की समय सीमा 4 नवंबर तक समाप्त करने की सूचना दे दी गई है। इसी निर्णय का विरोध करते हुए मेले में दुकान एवं झूला लगाने वाले व्यापारियों ने मेले की अवधि दो सप्ताह बढ़ाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार मेले के शुरू होने से पहले छोटे पुल को तोड़ दिया गया था, जिसके कारण मेले में आने-जाने का मार्ग बाधित रहा और लोगों की आवाजाही सामान्य नहीं हो पाई। इसका सीधा असर मेले की भीड़ पर पड़ा और व्यापारियों को अपेक्षित व्यापार नहीं मिल सका। व्यापारी हरीश शर्मा एवं ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे दूर-दराज इलाकों से उज्जैन आए थे और यहां दुकानें व झूले लगाने में भारी निवेश किया गया है, लेकिन पुल टूटने और चौड़ीकरण कार्यों की वजह से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई व्यापारी अब तक घाटे से नहीं उबर पाए हैं, साथ ही अपने-अपने शहर लौटने की व्यवस्था भी उनके पास फिलहाल नहीं है। व्यापारियों ने नगर निगम से आग्रह किया है कि यदि मेले को 4 दिसंबर से 14 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया जाए, तो उन्हें हुए नुकसान की आंशिक भरपाई हो सकेगी और वे कुछ संभलकर अपने गृह नगर लौट सकेंगे। नगर निगम के निर्णय पर अब व्यापारियों की नजरें टिकी हैं कि उनकी इस मांग पर क्या निर्णय लिया जाता है।



# सिंहस्थ 2028 के बड़े कार्यो के साथ शिप्रा शुद्धिकरण पर ध्यान दे प्रशासन

**अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और महामंत्री ने किया शिप्रा का दौरा**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष माँ मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत सुंदर पुरी महाराज सहित अन्य संतों ने शिप्रा के हरिहर घाट से लेकर छोटी रपट तक दौरा कर जल का आचमन किया और शासन प्रशासन मांग की कि जिस प्रकार से सिहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, उसी प्रकार सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान में रामघाट पर जो जल है वह आचमन योग्य नहीं है, ऐसे में अभी से गंभीरता से ध्यान देना होगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि सिंहस्थ 2016 से पूर्व रामघाट के कुछ



भाग में गाद निकालने का कार्य किया गया था, उसी प्रकार जहां से घाट निर्माण कार्य चालू हो रहा है, वहां से लेकर रामघाट के पूरे क्षेत्र में बड़ी-बड़ी मशीन उतार कर गाद निकलने का कार्य किया जाए इससे नदी का जो जल स्रोत रुका हुआ है, वह पुनः प्रारंभ हो सके। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अखाड़ा परिषद कार्यालय प्रयागराज में एक पत्र देकर मांग की गई थी की शिप्रा शुद्धिकरण और गहरीकरण पर ध्यान दें। उल्लेखनीय की इस समय अखिल भारतीय खड़ा परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री उज्जैन प्रवास पर होने से सिंहस्थ के और भी निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर बिना अधिकारियो के निरीक्षण कर रहे हैं, और इस संबंध में जो कार्य देख रहे हैं उससे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कार्यों की गुणवत्ता के बारे में बताएंगे।

# अधिवक्ता दिवस पर अभिभाषक संघ ने किया वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

**वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं का सम्मान**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अधिवक्ता दिवस के अवसर पर मण्डल अभिभाषक संघ उज्जैन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया कि 4 दिसंबर गुरुवार को संघ सभाकक्ष में अधिवक्ता दिवस पर वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं में सर्व श्रीपाद नाईक, सत्यनारायण व्यास, राशिद हुसैन, नंदकिशोर अग्रवाल, सत्यनारायण सोलपंखी, यशवंत नागर, राशिद उद्दीन, आशिक मोहम्मद काजी, ब्रजमोहन गेहलोत, हरीशंकर शर्मा, मोहम्मद शरीफ खान, नूर मोहम्मद का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संघ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता, सचिव डॉ. प्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव सुमनलता चौऋषिया, कार्यकारिणी आरतीसिंह,




ममता जोशी, प्रभा बैरागी सहित शेखर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, मस्तानसिंह छाबड़ा, योगेश व्यास, संदीप मेहता, तनवीर एहमद, सुभाष यादव, अजीत वर्मा, प्रदीप जायसवाल, गजेन्द्र कुशवाह, हरीश राठौर, शक्ति वर्मा, जावेद डिप्टी, इमरान खान सहित बडी संख्या में अभिभाषक सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ सचिव डॉ. प्रकाश चौबे ने दी।

### अधिकारी नियुक्त

**शाजापुर।** शासन के निर्देशानुसार समस्त कृषकों की फार्मर आईडी बनाई जाना है और पूर्व से बनी हुई आईडी मे लेंड पार्सल (सर्वे नंबर) जोड़े जाना है। फार्मर आईडी कार्य के लिए शासकीय सेवकों, समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटर को नियुक्त किया है।

### सामाजिक समानता, सादगी और अनावश्यक खर्चों से बचने का उत्कृष्ट उदाहरण मुख्यमंत्री के पुत्र का विवाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुपुत्र डॉ. अभिमन्यू यादव के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर ऑल इंडिया डेंटल सर्जन संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हितेश दिल्लीवाल ने नवविवाहित वर-वधु को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

भारतीय स्वर्णकार समाज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हितेश दिल्लीवाल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें उनके पुत्र के विवाह उपलक्ष्य में शुभकामनाएँ देते हुए गुलदस्ता भेंट किया गया। डॉ. दिल्लीवाल ने बताया कि विवाह समारोह का वातावरण पूर्णतः शालीन, पारंपरिक एवं सहज-सरल था, जिसने समाज के लिए एक सशक्त और प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया। मध्य प्रदेश डेंटल काउंसिल समिति सदस्य डॉ. हितेश दिल्लीवाल ने कहा मुख्यमंत्री के परिवार द्वारा विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर को सामूहिक विवाह सम्मेलन के रूप में आयोजित करना सामाजिक समानता, सादगी और अनावश्यक खर्चों से बचने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। ऐसे आयोजन न केवल समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को सादगीपूर्ण एवं संस्कारी जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित भी करते हैं।

# अजाक्स ने टंट्या भील की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा टंट्या भील की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार के नेतृत्व में टंट्या भील की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला



अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहां की 1842 में खंडवा जिले के बड़दा गांव में जन्मे टंट्या भील ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया। वे गरीबों और वंचितों की सहायता के लिए जाने जाते थे।

कहा जाता है कि वे अमीरों से लूटे गए धन को जरूरतमंदों में बांटकर उन्हें राहत पहुंचाते थे। ब्रिटिश शासन ने उनके प्रभाव और बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया और 4 दिसंबर 1889 को जबलपुर जेल में फांसी दे दी। उनके बलिदान को याद करते हुए संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया और उनके योगदान को नमन किया गया। अजाक्स संगठन द्वारा 6 दिसंबर, शनिवार को कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रांतीय सचिव महेश विरोलिया, संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी,पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी, अविनाश गुजराती, बी एल सिंदल,जिला सचिव राजेश सूर्यवंशी राजेंद्र सिसोदिया, गिरधर मालवीय, अमृतलाल देवड़ा, कबीरपंथी रणजीत सिंह, आनंदीलाल सिसोदिया, शिव सिंह गुजराती, एडवोकेट प्रकाश डाबी, राहुल बारवाल, नितिन कर जोतकर, भारत गुप्ता, राजेश कुमारिया अभिषेक पंचोली, डीपी समरवाल, आनंद जायसवाल, मयूर मोहने, डॉ दिनेश बोरासी, चंदन सिंह हाडा,बाबूलाल यादव, विजय खांडेकर, प्रदीप सिसोदिया, सादिक खान, मुकेश चित्तौड़ा, अरुण वाडिया, एडवोकेट डीपी समरवाल, राजेश कुमारिया, नितिन कर्जोतकर, भारत गुप्ता, राहुल बारवाल, सुरेन्द्र चतुर्वेदी आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### आठ किलो चाँदी से बना नवीन द्वार, 12 दिसंबर को मुख्य आयोजन

उज्जैन। भक्ति से जुड़ा एक ऐसा पर्व है जिसका नाता हमारे उज्जैन से हैं समूचे भारतवर्ष में हनुमान अष्टमी की शुरूआत उज्जैन से हुई है जो अब धीरे धीरे मालवा प्रान्त में बनाए जाने लगा है। हनुमान भक्तों में इस दिन के लिए विशेष उत्साह होता है। शहर के सभी हनुमान मंदिरों में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

श्री महाकालेश्वर प्रांगण में स्थित जय श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर पर इस पर्व को विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्रीराम कथा व्यास सुलभ शांतु जी महाराज जिनके संयोजन में ये संपूर्ण उत्सव मनाया जाएगा उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जूना महाकालेश्वर प्रांगण स्थित बाबा बाल हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान अष्टमी महापर्व को नौ दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसका प्रारंभ 4 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः काल पंचामृत स्नान कराकर श्री बाल हनुमान जी के श्रृंगार से होगा। मंदिर में बाल हनुमान जी के सम्मुख विशेष राम दरबार सजाया जाएगा। जिसमें नौ दिवसीय अखण्ड रामायण का पाठ होगा। दोपहर 4 बजे श्री रामचरितमानस जी का पौथी पूजन होगा और इसी के साथ नौ दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ हो जाएगा जो सतत नौ दिनों तक चलेगा।

आयोजन के मध्य ही 11 दिसंबर गुरुवार को बाल हनुमान मंदिर के गर्भगृह पर 8 किलो चाँदी से बना नवीन द्वार लगाया जाएगा। 15 लाख की कीमत से बने इस चाँदी द्वार पर आकर्षक कारीगरी की गई है। साथ ही द्वार के दोनों ओर हनुमानजी के दो बड़े सुंदर स्वरूप आशीर्वाद देते हुए अंकित किए गए हैं। दोनों द्वार पर गज (हाथी) भी स्थापित किए गए हैं। ऊं और स्वास्तिक के चिन्ह द्वार की शोभा को बढ़ाते हुए दिखाई देंगे। द्वार का विधि विधान के साथ पूजन कर शुभ मुहूर्त में ये बाबा को अर्पित किया जाएगा।

# महातपस्वी योगी बाबा बम बम नाथ सिद्ध महाराज को दी श्रद्धांजलि

## विशेष पूजन के साथ हुए भव्य भंडारे में उमड़े हजारों भक्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल की पावन नगरी उज्जैन ने एक महान तपस्वी, शिवभक्ति के अद्वितीय उपासक और सनातन संस्कृति के संवाहक योगी बाबा बम बम नाथ सिद्ध महाराज का वियोग झेलते हुए 29 नवम्बर 2025 को उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। बाबा के ब्रह्मलीन होने के पश्चात पूरे शहर में शोक और श्रद्धा की लहर छा गई। बाबा की स्मृति में हरसिद्धि रुद्रसागर विक्रमादित्य टीले के बाहर स्थित भैरव महाराज तप स्थान पर उनके परम शिष्यों द्वारा विशेष पूजन, श्रद्धांजलि और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंचकर प्रसादी लाभ लिया।

आयोजन को सफल बनाने में धर्मेंद्र जोशी, गब्बर बाबा, योगी नर्मदा नाथ, योगी पारसनाथ, करण नाथ, रोहित राव, धीरज भावसार, लकी जाटव, शशांक सेन, सुनील सिसोदिया, गगन सोनी, भारत चौहान तथा अन्य शिष्यगणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तप, त्याग और शिवभक्ति का अद्वितीय प्रतीक महातपस्वी बाबा बम बम नाथ सिद्ध महाराज अपने कठोर तप, गहन साधना और श्मशान साधना के लिए व्यापक रूप से श्रद्धा के केंद्र रहे। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन महामृत्युंजय शिवशक्ति की उपासना, मंत्र-जप और ध्यान में व्यतीत किया।

बाबा कहा करते थे, ‟जहाँ अंत दिखता है, वहीं सत्य का आरंभ होता है।” उनकी साधना न केवल मार्गदर्शक थी, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बनी। महाकाल मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन को अपनी यात्रा का पूर्ण फल मानते थे। भक्त बताते हैं कि बाबा के आशीर्वाद से जीवन की कठिनाइयाँ सहज ही दूर होने का अनुभव होता था। मनोकामना पूर्ण होने की अनेक कथाएँ वर्षों से लोगों की आस्था को दृढ़ करती रहीं। सनातन संस्कृति के सशक्त प्रचारक बाबा बम बम नाथ सनातन धर्म के दृढ़ संवाहक थे। वे सदैव यह संदेश देते रहे कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ का स्वरूप नहीं, बल्कि सत्य, तप, करुणा और सेवा पर आधारित जीवन-पद्धति है। उनके प्रवचनों में जीवन-मरण के सत्य, वैराग्य की महिमा और शिवत्व की अनुभूति का संदेश गूंजता था।

अनेक युवा उनके सान्निध्य में आध्यात्मिक पथ की ओर प्रेरित हुए। सरलता, सेवा और त्याग का जीवन उज्जैन के लोगों के अनुसार बाबा का संपूर्ण जीवन सादगी और सेवा को समर्पित था। वे किसी प्रकार का दान अथवा उपहार स्वीकार नहीं करते थे। भक्तों द्वारा दिया गया सब कुछ वे गौ-सेवा, भंडारे और जरूरतमंद परिवारों की सहायता में लगा देते थे। उनके मार्गदर्शन में अनेक सामाजिक कार्य वर्षों से निरंतर चल रहे हैं। उज्जैन की आध्यात्मिक ऊर्जा का शाश्वत स्त्रोत बाबा योगी बम बम नाथ सिद्ध महाराज के तप, त्याग और सेवा से उज्जैन की पवित्र भूमि धन्य मानी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाबा केवल एक साधु नहीं थे, बल्कि शिवभक्ति के अवतार थे, जिनका जीवन समाज को दिशा देने वाला रहा।

# दसनाम गोस्वामी मंडल ने मनाई दत्त जयंती

## भगवान दत्तात्रेय की प्रतिमा का किया पूजन अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



दसनाम गोस्वामी परंपरा के भगवान गुरु दत्तात्रेय जी महाराज की जन्म जयंती पर दसनाम गोस्वामी मंडल उज्जैन द्वारा रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा परिसर में भगवान दत्तात्रेय की प्रतिमा का पूजन अभिषेक किया गया। पूजन अभिषेक के पश्चात गादीपति महंत सुंदरपुरजी महाराज के साथ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरी गिरी जी महाराज का पुष्प एवं भगवा वस्त्र से सत्कार किया।

साथ ही महानिवार्णी अखाड़ा पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरीजी महाराज का स्वागत सत्कार दत्तात्रेय जयंती पर महर्षियों के आशीर्वचन प्राप्त कर भोजन प्रसादी भी ग्रहण की गई। सामाजिक उत्थान, राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति पर समस्त हिंदू समाज को एकत्र कर सद्भाव बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का संकल्प लिया गया। पूजन आचार्य संजयजी द्वारा करवाया गया एवं दत्तात्रेय जयंती अवसर पर समस्त गुरु मूर्तियों का सत्कार दशनाम गोस्वामी समाज के वरिष्ठ सदस्यों के साथ उज्जैन गोस्वामी मंडल के अध्यक्ष महंत विजय गिरि जी द्वारा किया गया।

# युवा उद्यमियों का महाकुंभ : 20 दिसंबर को उज्जैन में होगा यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

युवा उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन, यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट, 20 दिसंबर 2025 को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्देश्य युवा उद्यमियों को प्रेरित करना और उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करना है।

आज, युवा उद्यमियों के फोरम द्वारा समिट के पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री रोशन सिंह जी ने भाग लिया। उन्होंने उज्जैन के विकास और सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर, जेड ब्लैक के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने समिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस समिट में ओयो रूम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल और प्रसिद्ध यूट्यूबर राज शमानी जैसे वक्ता भाग लेंगे। समिट का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, युवा उद्यमियों के फोरम के इंदौर सदस्य अधिवक्ता राहुल सेठी, सीए नितिन गरूड और उल्लास वैद्य भी उपस्थित थे। उल्लास वैद्य ने उद्योग लगाने की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जो युवा उद्यमियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

युवा उद्यमियों के फोरम के उज्जैन अध्यक्ष दिलीप पायार्नी ने यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह फोरम युवा उद्यमियों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और एक दूसरे से सीख सकते हैं।

## लोगों को दिया सुरक्षा का संदेश

# ट्रैफिक पुलिस का अनूठा अभियान, कहीं कटा चालान तो कहीं महका गुलाब

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शाजापुर यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों पर पुलिस का सख्त और संवेदनशील, दोनों ही रूप देखने को मिला। यातायात थाना प्रभारी सौरभ कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को ट्रैफिक पॉइंट पर जहां एक ओर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर नियमों का पालन करने वाले जागरूक नागरिकों का गुलाब का फूल देकर सम्मान भी किया।

यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोका गया। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की और उनसे समन शुल्क वसूला। साथ ही, उन्हें भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई।

चेकिंग अभियान का सबसे खास पहलू यह रहा जब पुलिस ने हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वाले और यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने वाले चालकों को रोका। पहले तो चालक पुलिस को देखकर घबरा गए, लेकिन जब थाना प्रभारी सौरभ कुमार शुक्ला ने उन्हें रोककर गुलाब का फूल भेंट किया और उनकी प्रशंसा की, तो उनके चेहरे खिल उठे। पुलिस द्वारा किए गए इस सम्मान से वाहन चालकों में उत्साह देखा गया।

### क्या कहा थाना प्रभारी ने?

यातायात थाना प्रभारी सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। उन्होने कहा, हेलमेट और सीट बेल्ट किसी चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि आपकी अपनी सुरक्षा और आपके परिवार के लिए जरूरी है। हम चाहते हैं कि लोग स्वेच्छा से नियमों का पालन करें। जो लोग नियमों का पालन कर रहे हैं, उनका सम्मान करके हम दूसरों को भी प्रेरित करना चाहते हैं।

# अभिभाषक संघ द्वारा अधिवक्ता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

स्थानीय अभिभाषक संघ द्वारा बुधवार को संघ अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ की अध्यक्षता में अभिभाषक संघ कक्ष में अधिवक्ता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक राधेश्याम यादव ने किया। अधिवक्ता दिवस पर आयोजित काव्यगोष्ठी में अभिभाषकों ने अपनी रचनाएँ और विचार प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम की शुरूआत अभिभाषक नासिर खान व करण सिंह पंड्या के संयुक्त उद्बोधन से हुई। दोनों ने महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसे विधि-पुरुषों के योगदान, उनके आदर्शों और वकालत की गरिमा पर प्रकाश डाला कि अधिवक्ताओं के दायित्व, कर्तव्य एवं न्याय व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।संघ अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ ने अपने संदेश में कहा कि ‟अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। समाज में न्याय, सत्य और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा अधिवक्ताओं के समर्पण से ही संभव होती है।

## खबर एक नजर...

### रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली 5 ट्रेनों में टिकटिंग व्यवस्था लागू

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे द्वारा तत्काल बुकिंग प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 5 दिसम्बर से रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली 5 ट्रेनों में ओटीपी(वन टाइम पासवर्ड) आधारित तत्काल टिकटिंग व्यवस्था लागू की जा रही है। यह व्यवस्था 5 दिसम्बर से इन ट्रेनों के आरंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली सेवाओं पर लागू होगा। 12227 मुंबई सेंट्रल इंदौर दुरंतो एक्सप्रेस, 12228 इंदौर मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस, 12239 मुंबई सेंट्रल हिसार दुरंतो एक्सप्रेस, 12951 मुंबई सेंट्रलझनई दिल्ली राजधानी तेजस एक्सप्रेस, 12953 मुंबई सेंट्रल हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी तेजस एक्सप्रेस रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उपर्युक्त ट्रेनों में तत्काल टिकट अब केवल पीआरएस (यात्री आरक्षण केन्द्र) काउंटरों अथवा अधिकृत एजेंटों के माध्यम से सिस्टम जनरेटेड ओटीपी(वन टाइम पासवर्ड) सत्यापन के बाद ही जारी किए जा सकेंगे।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को

**मन्दसौर।** आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठी के लिए उपलब्ध 80 सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकृत 3454 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लदूना प्राचार्य हरिशंकर रेगर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा दिनांक 13 दिसंबर, शनिवार को मंदसौर जिले के विभिन्न 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। किसी भी आवेदक को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में समस्या होने पर वह कार्यालय समय में संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है।

### रेलवे रोटरी पीस गार्डन के निर्माण हेतु भूमिपूजन

**नीमच।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान तथा हरित स्टेशन की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल निरंतर नवाचारों एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस क्रम में कुछ समय पूर्व रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 की ओर स्थित खाली एवं अनुपयोगी स्थान को हेरिटेज गार्डन के रूप में विकसित किया गया था, जिसने स्टेशन परिसर को नया स्वरूप प्रदान किया है इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए रेलवे द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 4 से फ्रीगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक अन्य अनुपयोगी एवं गंदे स्थान जो लगभग 16 हजार वर्गफुट में फैला है, को भी विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यह स्थान अब आकर्षक हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया जाएगा।

### चोरी हुआ ट्रेक्टर बरामद

**मंदसौर।** जिले के यशोधर्मन थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरदा से 2 दिसम्बर की रात फरियादी गजराजसिंह पिता विजयसिंह देवड़ा के घर के बाहर खड़े ट्रेक्टर नं. एमपी 14 जेडई 6886 को अज्ञात बदमाश चुरा ले गया।

# विश्व वंदनीय गुरुदेव राजेंद्र सूरी जी के 421 हस्त निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी रथ का नगर आगमन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

कलिकाल कल्पतरु युग पुरुष दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वर महाराज के आने वर्ष में जन्म द्विशताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में गुरुदेव हस्त निर्मित चार सो से अधिक चित्रों का रथ भ्रमण चल रहा है । इसी कड़ी में बड़नगर में भी रथ का आगमन हुआ। जहां राजेंद्र सूरी जान मंदिर पर श्री संघ के सदस्यों ने स्वागत किया। मुनिराज डॉ. लाभेश विजय जी की प्रेरणा से निकली इस रथ यात्रा का मालवा में स्वागत हो रहा है

हस्त निर्मित 421 फोटो ज्ञान मंदिर में गुरुदेव के 421 चित्रों



व उनके साहितों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिनका अवलोकनश्री संघ के सदस्यों ने कियाम इसके पूर्व प्रदर्शनी का शुभारंभ त्रिस्तुतिक श्री संघ अध्यक्ष पुखराज सियाल, चारथुई श्री संघ अध्यक्ष प्रदीप बुरड़, स्थानक श्री संघ के राजकुमार पारख आदि ने समाजजनों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बाबूलाल तलेसरा, अशोक छाजेड़, मांगीलाल औरा, कैलाश औरा, निर्मल गोलेचा, विमलचंद खाबिया, प्रकाश बम, कमल चौधरी, सुशील श्री श्रीमाल, तलेश ओरा, साकेत गिरिया, अखिलेश चोपड़ा, आकाश वोहरा, सुनील श्री श्रीमाल, अमृतलाल भटेवरा सहित श्री संघ के सदस्य उपस्थित थे। गुरुदेव के चित्रों से संबंधित विस्तृत जानकारी शांतिलाल गोखरू ने प्रदान की वहीं प्रदर्शनी लेकर आए राजू भाई नानसा ने मालवा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे प्रदर्शनी संबंधित जानकारियां दी।गुरु वंदन संजय ओरा ने करवाया एवं यात्रा संयोजक राजू जैन ने यात्रा की पूरी जानकारी दी। नाहर ने बताया कि गुरुदेव के जीवन चरित्र को लेकर निकली इस यात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरुदेव के बारे में जानकारी देना है।

### आर्किटेक्ट सोहेल खान एवं इंजीनियर जुनैद खान को विशेष सम्मान

**बड़नगर।** भारतीय ठोस निर्माण संस्थान (आईसीआई) भोपाल केंद्र द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह ड्रीम होम श्रेणी 2025 में बड़नगर के युवा आर्किटेक्ट सोहेल खान एवं इंजीनियर जुनैद खान को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। दोनों विशेषज्ञों को यह पुरस्कार हर्ष जोशी के ड्रीम होम परियोजना में उनके उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक वास्तु योजना, उच्च स्तरीय अभियांत्रिकी और श्रेष्ठ निर्माण गुणवत्ता के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि आईसीआई भोपाल के अध्यक्ष अभियंता सिधामुनी थोम्ब्रे, अल्ट्राटेक सीमेंट के तकनीकी विशेषज्ञ अभियंता रोशन कसुलकर एवं अभियंता राहुल गोयल थे।अधिकारियों ने इस परियोजना को आधुनिक आवास निर्माण में नया मानक बताया।

# ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं की खेलों के प्रति रुचि और सहभागिता बढ़ती है -विधायक पंड्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

मध्यप्रदेश में विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवाओं की खेलों में रुचि और सहभागिता बढ़ती है।

यह बात विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने बुधवार को सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में आयोजित बड़नगर विधानसभा क्षेत्र युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव 2025 कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को अतिथि पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कान्हासिंह राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन हरिकिशन मेलवाणी ने संबोधित किया। खेल महोत्सव अंतर्गत पारंपरिक खेल जिसमें रस्साकशी, लाठी, सतोलिया एवं मदर गेम जिसमें कबड्डी, कुश्ती, टेनिस बॉल क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉडी बिल्डिंग आदि प्रतियोगिता के आयोजन हुए। प्रतियोगिता पश्चात विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल यादव, मंत्री विजय चौधरी, वर्षा पाटौदी, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़, विजयराज सिंह, इंद्रपाल पंड्या, महेश हारोड़, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, मांगीलाल मोहरी, दशरथसिंह पंड्या, कृष्णचंद यादव, जनपद सदस्य जुझारसिंह, गणपत डाबी, संजय शर्मा, तेजसिंह राठौर, राजपालसिंह राठौर, उषा सोनी, सोहन सिंह गुर्जर, खेल शिक्षक जेपी यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अजय दौराया एवं आभार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने माना।

### 16वां निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सोनिक बायोकेम एक्ट्रे.प्रा.लिमिटेड ग्राम थड़ौद जिला मंदसौर द्वारा संस्थापक स्व.एस के मतलानी जी की पावन स्मृति में 16वां नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 4 दिसंबर को टोल टैक्स नाका के पास सोनिक कृषि बाजार परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र रोगीयो के नजर, चश्मे, कला पानी, नासूर, पर्दे की बिमारी सहित कई तरह की जांचे निशुल्क की गई। जिसमें 93 नेत्र रोगीयो का परिक्षण होकर 39 मोतियाबिंद ऑपरेशन लायक पाये गये, जिनका लाभ मुनि नेत्रालय में आपरेशन किया जाकर चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर शिविर परिसर में संस्था प्रबंधक श्री सौलंकी एवं संस्था कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करने वाले को संस्था, जिला चिकित्सालय एवं एच डी एफ सी की ओर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर रक्त दाताओं का सम्मान किया गया। शिविर के दौरान 24 यूनिट रक्तदान करने वाले से प्राप्त हुआ।

# प्रशासन ने नाले की सरकारी जमीन पर बन रही धर्मशाला दीवार को हटाया, ग्रामीणों ने विरोध में फोरलेन पर किया चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

धौंसवास गांव में शासकीय जमीन पर बन रही धर्मशाला का अतिक्रमण हटाने पर गुरुवार सुबह जमकर हंगामा हो गया। प्रशासन की कार्रवाई से नाराज मालवीय समाज के लोग सड़क पर उतर आए और मंदसौर-इंदौर फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। यहां वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। करीब डेढ़ घंटे बाद लोग माने और जाम खोला गया।

प्रशासन का कहना है कि नाले को ब्लॉक कर निर्माण किया जा रहा था और दो बार नोटिस देने के बाद भी काम नहीं रोका गया, इसलिए कार्रवाई की गई। फोरलेन पर 200 से ज्यादा लोग बैठे हुए थे। गुरुवार सुबह करीब 7 से 7.30 बजे के बीच जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी बल के साथ धौंसवास पहुंचे। धौंसवास से बांगरोद के बीच नाले की जमीन पर धर्मशाला का निर्माण चल रहा था। प्रशासन ने जेसीबी चलाकर निर्माण और वहां बनी एक तरफ की दीवार को गिरा दिया। समाजजनों ने चंदा इका कर यहां मुरम डालकर जगह समतल की थी और निर्माण शुरू किया था। फोरलेन पर बैठे लोग, वाहनों की कतारें लगीं

कार्रवाई की भनक लगते ही बड़ी संख्या में समाजजन इके हो गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए गांव के बाहर फोरलेन पर जाकर चक्काजाम कर दिया और सड़क पर बैठ गए। इस



कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों का आरोप था कि प्रशासन ने बिना सूचना दिए यह कार्रवाई की है, जबकि यह धर्मशाला समाज के सहयोग से बनाई जा रही थी।

#### नाला ब्लॉक हो रहा था, 2 बार नोटिस दिया

हंगामा बढ़ता देख प्रशासन ने अपना पक्ष रखा है। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत धौंसवास में शासकीय नाले को ब्लॉक करके उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में राजस्व और पंचायत विभाग द्वारा निर्माण करने वालों और उपसरपंच को पूर्व में दो बार सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद काम बंद न किए जाने पर प्रशासन ने यह वैधानिक कार्रवाई की।

#### एसडीएम और पुलिस बल मौके पर

मौके पर एसडीएम हासी हरित, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, मनोज चौहान, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी और बिलपांक थाना प्रभारी अयूब खान समेत पुलिस बल मौजूद है। अधिकारी ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाने की कोशिश की। विरोध करने में गांव के राहुल मालवीय, पन्नालाल, समरथ मालवीय के साथ मालवीय समाज के युवा जिला अध्यक्ष जीतू मालवीय, छात्र नेता महेश मालवीय, मोहन परिहार तेजपाल सोलंकी समेत बड़ी संख्या में समाजजन और महिलाएं मौके पर पहुंची। मौके पर अधिकारियों द्वारा शीघ्र मालवीय समाज को धर्मशाला के लिए जगह आवंटित करने की बात कही है।

### कार से एमडी व डोड़ाचूरा जब्त, चालक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

वाय.डी. नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए महू-नीमच हाईवे स्थित बंद पड़े हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के पास हुंडई आई 20 कार नं. एमपी 09 एसी 0077 को रोककर उसकी तलाशी लेने पर कार से 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी. व 5 कि.ग्रा. डोड़ाचूरा जब्त किया। पुलिस ने मामले में कार चालक दशरथ (31) पिता पूनमचंद कुमावत निवासी डोराना जिला मंदसौर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 8/15, 22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया। मौके से फरार आरोपी वाहिद पिता मुमताज मंसूरी निवासी डोराना को पुलिस तलाश कर रही है।

## खबर एक नजर...

### अलीराजपुर जिले की सभी गैस एजेंसियों की बैठक सम्पन्न

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशानुसार आज संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मनोज गरवाल की अध्यक्षता में अलीराजपुर जिले की समस्त गैस एजेंसियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री उज्वला योजना 3.0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शत-प्रतिशत लाभार्थी कवरेज सुनिश्चित करना रहा। बैठक में सभी गैस डीलरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शिविरों का नियमित आयोजन करें, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही शिविरों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी जाए। प्रशासन ने सभी गैस एजेंसी से सहयोग और योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शाहपुर रेंजर संजय मालवीय को निलंबित कर दिया

बुरहानपुर। शाहपुर रेंजर संजय मालवीय को निलंबित कर दिया गया है। उन पर पदीय दायित्वों में लापरवाही के आरोप हैं। यह कार्रवाई खंडवा वन संरक्षक बासु कनौजिया ने की है। मालवीय के खिलाफ कई शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद यह कठोर कदम उठाया गया है। वन विभाग में पिछले दो महीनों में यह पांचवीं निलंबन कार्रवाई है। इससे पहले, दो वनकर्मियों को अवैध कटाई के मामलों में निलंबित किया गया था, और दो वनपालों को बिलों में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित किया गया था। निलंबित कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से विभागीय तंत्र में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, कई कार्रवाइयों को विभाग पर्दे के पीछे रखने की कोशिश भी कर रहा है, लेकिन तथ्य सामने आ रहे हैं।

### जिले में एड्स रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

बुरहानपुर। बुरहानपुर में जिला स्वास्थ्य एड्स नियंत्रण इकाई द्वारा एड्स रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ खंड न्यायाधीश एवं सचिव प्रेमदीप सांखला उपस्थित थे। न्यायाधीश सांखला ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ उठने बैठने, साथ में खाना खाने, हाथ मिलाने या बातचीत करने से सामने वाले व्यक्ति को कुछ भी नहीं होता है। एड्स नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी ने ,क्रञ्ज सेंटर से निशुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को एड्स के प्रति जागरूक किया गया और इस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए।

### पुलिस ने लूट मामले का 24 घंटे में पर्दा फाश कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

खरगोन। इंदौर से रेपीडो कार बुक कर जिले में लाने के बाद कार चालक पर चाकू से हमला कर कार सहित मोबाइल और नकदी लूट मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे में पदार्फाश कर आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस वारदात को आरोपियों ने फिल्मी स्टाईल में अंजाम दिया था। एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 3 दिसंबर को थाना बलवाड़ा पर संजय पिता मांगीलाल वर्मा निवासी आनंद नगर इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंदौर के कुशवाह नगर से ओंकारेश्वर के लिए टैक्सी बुक की थी, जिस पर मैं कुशवाह नगर से तीन सवारी बिठाकर ओंकारेश्वर के लिए निकला। कार सवार लोगों ने चालक को ग्वालु घाट पर चाकू से वारकर घायल करने के बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपियों को उज्जैन से गिरफ्तार किया है।

# आलीराजपुर जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में किया शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में जिले में एसआईआर का कार्य 4 नवंबर से जारी था। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 3 दिसम्बर को रात्रि 9 बजे तक शत प्रतिशत गणनापत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन किया गया है। जिले की कुल मतदाता संख्या 594273 है, जिसमें पुरुष 293206, महिला 301061 तथा अन्य 06 मतदाता शामिल हैं जिनका डिजिटाइजेशन कर लिया गया है।

इस उपलब्धि के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, आंगन वाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार तथा स्थानीय वालंटियर ने घर-घर संपर्क कर फार्म भरवाने में सहयोग किया गया। लंबित मतदाताओं की सूची



तैयार कर प्रत्येक परिवार से संपर्क किया गया।

मैपिंग संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर ही ऑनलाइन सर्च कर किया गया। साथ ही जो लोग मजदूरी हेतु बाहर गए मतदाताओं के परिवारजनों से विधानसभा एवं जिला कॉल सेंटर द्वारा प्रतिदिन संपर्क किया गया साथ ही विशेष पुनरीक्षण में सहायता हेतु टोल-फ्री नंबर 1950, तथा विधानसभा और जिला स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्कों के माध्यम से भी मैपिंग और गणना पत्रक भरने में निरंतर सहायता प्रदान की गई।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि आलीराजपुर जैसे पिछड़े जिले में विषम परिस्थितियों में एसआईआर की टीम ने लगातार कार्य किया तथा वीसी के माध्यम से निरंतर इस कार्य की समीक्षा भी की गई।

# अनुपूरक बजट में सड़क मार्ग स्वीकृत होने पर लोक निर्माण मंत्री का माना आभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

चुने हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधि का दायित्व यह होता है कि अपने क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करना। जिला मुख्यालय खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा लगातार सक्रीयता के साथ अपने क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री एवं अलग-अलग विभागों के मंत्रियों से मिलकर उस कार्य योजना को स्वीकृत कराना और विधायक निवास पर बैठकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करना है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए अपनी बात प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखना एवं साथ ही विधानसभा में भी अपने क्षेत्र के विकास को लेकर दमदारी से बात रखने का कार्य विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा किया जा रहा है मंगलवार को विधानसभा में खंडवा में बटालियन एवं खंडवा मुंदी मार्ग की मांग को विशेष रूप से विधानसभा में रखा।

प्रवक्ता सुनील जैन बताया कि शहर की यातायात की समस्या के निराकरण को लेकर विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा विधानसभा क्षेत्र में बाईपास एवं रिंग रोड की मांग की जा रही है, महत्वपूर्ण रूप से रूधी से देशगांव सड़क मार्ग कार्य निरंतर प्रगति पर है। टीठिया जोशी से सिरपुर फाटा तक लगभग 12 किलो मीटर बायपास सड़क मार्ग को लेकर विधायक कंचन तंनवे द्वारा मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के समक्ष बात रखी गई थी, हर्ष का विषय है कि मंगलवार को कैबिनेट बैठक में विकास कार्यों की श्रृंखला में टिठिया जोशी से सिरपुर फाटे तक सड़क मार्ग के लिए शासन से राशि रुपए 81 करोड़ 71 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है।

# बावड़ी बस स्टैंड पर न.पा. सफाई कर्मचारियों की टीम ने समय रहते नालों की साफ-सफाई का कार्य किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

पुरुषोत्तम सोनी नगर पालिका कर्मचारियो ने बावड़ी बस स्टैंड पर नालो की साफ-सफाई कर नालो मे जमा हुआ कचरे को जेसिबी मशीन के द्वारा जमा हुआ कचरे को बाहर निकाल कर कचरे को नगर पालिका कि ट्रालियो डाल कर ले जाया गया।

### नगर पालिका कर्मचारियो का कहना

नाले चौक हो जाने कि वजह प्लास्टिक कि पानी की बोतले, और कचरा जो हर बार नाले चौंक हो जाने का प्रमुख कारण बन रहे है। हर बार नाले चौक हो जाने के बाद कर्मचारियो को घंटो लग जाते थे नाले कि साफ-सफाई का कार्य करने के लिए और जमा हुआ कचरे को ₹ निकालते समय नगर पालिका कर्मचारियो को नाले के अंदर तक उतरना पडता था। नालो कि साफ-सफाई कार्य के लिए इस प्रकार की स्थिति और समस्या के लिए इस बार समय रहते नगर पालिका कर्मचारियो कि टिम ने समय रहते नालो कि साफ-सफाई



कार्य किया गया जिस कारण बार-बार नाले ना चौक हो और बावड़ी बस स्टैंड पर परेशानी ना उठानी पडे हा आज समय रहते थोडी परेशानी तो उठानी पड रही है। पर आगे यह नाले चौक ना हो एवं सवारियो को एवं व्यापारीयो को परेशानी ना हो। नगर पालिका स्वच्छता अधिकारी प्रभारी जितेंद्र मेडा सर से जब बावड़ी बस स्टैंड पर नालो कि साफ-सफाई को लेकर चर्चा कि गई तो। अधिकारी का कहना है। जेसे जेसे आवश्यकता रहेगी समय-समय पर साफ-सफाई का कार्य कर नाले चौक होने के पहले सफाई कार्य किया जाता रहेगा बावड़ी बस स्टैंड पर सवारियो को और व्यापारियो को परेशानी ना उठानी पडे और साफ-सफाई कार्य के लिए जब भी आवश्यक रहेगी नाले चौक होने के पहले साफ-सफाई कि जाती रहेगी।

# राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस के अवसर पर वकीलों के बीच पहुंची खंडवा विधायक तनवे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस पर जिलाअधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि देश की आजादी से लेकर वर्तमान तक हर क्षेत्र में अधिवक्ताओं का योगदान को समाज कभी भुला नहीं सकता है हम अधिवक्ताओं का भी या पुनीत कर्तव्य है कि हम समाज को समय-समय पर सही दिशा प्रदान करें। समाजसेवी युवा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची खंडवा विधायक अधिवक्ताओं के बीच विशेष दिन पर अचानक पहुंची बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न्याय दान के क्षेत्र में अधिवक्ताओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और समाज का वास्तविक नेतृत्व भी अधिवक्ता समुदाय ही करता है। विधायक वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया और अधिवक्ता संघ के प्रांगण के कॉरिडोर में अधिवक्ताओं की टेबल टेबल जाकर उन्हें गुलाब पुष्प प्रदान कर उनका मुंह मीठा भी कराया।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि बहुमंजिला भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 81/1/1 का भाग होकर ग्राम नानाखेड़ा तहसील व जिला में उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 0.1000 हेक्टेयर भूमि है। जिसके पूर्व मे- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम मे- विक्रेता की भूमि, उत्तर मे-सड़क (विक्रेता के उपयोग हेतु) दक्षिण मे- भूमि शेखर श्रीवास की स्थित है उक्त सम्पत्ति दो भागो में घनश्याम एवं दिनेश कुमार पुत्रगण हेमराज राठौर द्वारा विधिवत रूप से इसके पूर्व स्वामीगण से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1765 दिनांक 07/07/2003 एवं विक्रय पत्र क्रमांक 381 दिनांक 24/04/2002 के माध्यम से क्रय की गई है एवं घनश्याम जी की मृत्यु दिनांक 13/03/2019 को हो जाने के पश्चात 1) श्रीमति कंचन पति स्व. घनश्याम, 2) दिव्यांश पिता स्व. घनश्याम को उक्त सपत्ति पैतृक सम्पत्ति के रूप में उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है तथा 1) श्रीमति कंचन पति स्व. घनश्याम, 2) दिव्यांश पिता स्व. घनश्याम एवं 3) दिनेश पिता स्व. हेमराज द्वारा अपने नाम कार्यालय नगर पालिक निगम,उज्जैन में विधिवत रूप से दर्ज करवाया गया तथा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया एवं मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदान करने जा रही है, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक हित हिस्सा अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक व्यक्ति प्राइवेट संस्था पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक 11 भवन क्रमांक 87/3 तुलसी काम्पलेक्स विक्रम मार्ग टावर चैराहा फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

# कलेक्टर ने ताजनापुर में विकासात्मक गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने बुधवार को खकनार जनपद पंचायत अंतर्गत दौरे पर रहे। उन्होंने ग्राम पंचायत ताजनापुर में विकासात्मक गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने शासन की महत्वपूर्ण योजना एक बगिया मां के नाम के तहत हितग्राही श्रीमती रमीबाई लक्ष्मण के खेत में लगाए गए संतरे के पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने पौधों की संख्या, वृद्धि और देखभाल की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के तहत मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल



उपलब्धता पर भी चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने ग्राम में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन और शाला का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, सवाल-जवाब किये एवं उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया।



## बच्चों को मेरे स्टारडम का अंदाजा नहीं था

### माधुरी दीक्षित ने बताया बेटों का रिएक्शन, बोलीं- पहली बार पैपराजी को देख कंफ्यूज हो गए थे

माधुरी दीक्षित अपनी अपकमिंग सीरीज मिसेज देशपांडे को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी सिलसिले में माधुरी यूट्यूबर रणवीर अलहाबादिया के पॉडकास्ट में पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने जीवन के कई पहलुओं पर बात की हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके बच्चों को उनके स्टारडम और फिल्मों के बारे में कोई आइडिया नहीं था। जब वो पहली बार इंडिया आए, तब उन्हें उनकी स्टारडम के बारे में पता चला।

पॉडकास्ट में रणवीर पूछते हैं कि आपने अपने बच्चों को माधुरी दीक्षित कौन है, कैसे एक्सप्लेन किया। इसके जवाब में माधुरी बताती हैं- जब तक भारत में शिफ्ट नहीं हुए, उन्हें कुछ नहीं पता था। एक बार हम लोग पीवीआर में फिल्म देखने चले गए, जब बाहर आए तो इतने फोटोग्राफर फोटो क्लिक करने लगे कि वो कंफ्यूज हो गए कि क्या चल रहा है। फिर घर जाकर उन्होंने पूछा कि क्या चल रहा था। फिर मैंने उन्हें बताया कि मैं एक्ट्रेस हूं। इस वजह से वो सब मेरी फोटो लेना चाहते थे। माधुरी आगे कहती हैं- 'जब हम इंडिया आए तो मेरे बेटे 6-7 साल के थे। यूएस में उन्हें कुछ पता नहीं था लेकिन जब इंडिया में वो स्कूल जाने लगे तो उन्हें धीरे-धीरे पता चला कि मैं कौन हूं। स्कूल में कोई बच्चा आकर बोल देता कि तुम बहुत लकी हो क्योंकि तुम्हारी मां माधुरी दीक्षित है।

# भांजी सिमर भाटिया की डेब्यू को लेकर अक्षय हुए इमोशनल




**पोस्ट लिख कहा- तुम मेरे लिए हमेशा स्टार हो; फिल्म इक्कीस से बॉलीवुड में कर रहीं एंट्री**






अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म इक्कीस से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। सिमर के डेब्यू को लेकर एक्टर बेहद खुशी और प्राउड फील कर रहे हैं। अक्षय ने सोशल मीडिया के जरिए अपने इमोशन को जाहिर किया है।

अक्षय ने इंस्टाग्राम पर इक्कीस से सिमर का पोस्टर शेयर कर लिखा-'एक नन्ही सी बच्ची के रूप में तुम्हें गोद में लेकर अब तुम्हें फिल्मों की दुनिया में कदम रखते हुए देखना, लाइफ में वाकई फुल सर्कल बन गया है।

सिमर, मैंने तुम्हें एक शमीर्ली बच्ची, जो अपनी मां के पीछे छिप जाती थी से एक कॉन्फिडेंट यंग वीमेन में बदलते देखा है। जो कैमरे का सामना करने के लिए ऐसे तैयार है जैसे वह इसके लिए ही बनी हो।' अक्षय ने आगे लिखा- 'सफर मुश्किल है, लेकिन मैं जानता हूं, तुम उसी चमक,उसी ईमानदारी और उसी जिद्दी दृढ़ संकल्प के साथ इसमें आगे बढ़ोगी, जो हमारे परिवार में है।

**हम भाटिया का फंडा सिंपल है:** काम करो, दिल से करो और फिर यूनिवर्स का जादू देखो। मुझे तुम पर बहुत गर्व है बेटा। दुनिया सिमर भाटिया से मिलने वाली है लेकिन मेरे लिए तुम हमेशा से एक स्टार रही हो। चमकते रहो। जय महादेव।'

बता दें कि नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता-सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है। इसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, इक्कीस में दिवंगत दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अरुण के पिता के रूप में नजर आएंगे। ये उनकी आखिरी फिल्म होगी। ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है।



## फरहान अख्तर की जी ले जरा नहीं हुई बंद

### प्रियंका, आलिया के फिल्म छोड़ने, शेड्यूल मैच न होने से टली थी, अब फिर काम हुआ शुरू

फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा, लंबे समय से बंद पड़ी हुई है। फिल्म में कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट को लीड रोल में कास्ट किया गया है, हालांकि तीन बड़े स्टार्स के साथ डेट्स और शेड्यूल बनाने में मेकर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद रिपोर्ट्स रहीं कि आलिया और प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी है। हालांकि अब फिल्म पर फिर काम शुरू हो चुका है।

हाल ही में आई डेकन क्रॉनिकल की रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा स्टारर फिल्म जी ले जरा पर दोबारा काम शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी दिक्कत तीनों एक्ट्रेसेस के बिजी शेड्यूल हैं। प्रियंका चोपड़ा के पास कई इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं, जिससे वो इस फिल्म के लिए डेट्स नहीं दे पा रही थीं।

डेट्स की दिक्कतों के अलावा फरहान अख्तर और फिल्म की को-प्रोड्यूसर जोया अख्तर, रीमा कागती को भी फिल्म के लीड एक्टर्स ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि तीनों लीड एक्ट्रेसेस के स्केल में एक्टर मिलना मुश्किल है। इन वजहों से फिल्म मेकिंग की स्पीड धीमी है, हालांकि इन दिक्कतों के बावजूद ये फिल्म प्लानिंग के मुताबिक ही बनाई जा रही है।

# राज ने सामंथा को शादी में दिया लग्जरी बंगला

बॉलीवुड एक्ट्रेस सामंथा रुथप्रभू ने 1 दिसंबर को पॉपुलर फिल्ममेकर राज निदिमोरू से शादी कर ली है। कपल ने इंटीमेट वेडिंग की है, जिसमें महज 30 मेहमान ही शामिल हुए थे। शादी के दिन राज निदिमोरू ने सामंथा को बतौर वेडिंग गिफ्ट एक लग्जरी बंगला दिया है। इससे पहले एक्ट्रेस की डेढ़ करोड़ की डायमंड रिंग भी चर्चा में है।

एशिया नेट की रिपोर्ट के अनुसार, राज निदिमोरू ने सामंथा के लिए हैदराबाद के जुबली हिल्स में एक लग्जरी बंगला लिया है। शादी के दिन उन्होंने उस बंगले की चाबियां एक्ट्रेस को वेडिंग गिफ्ट के रूप में दी हैं।

**डेढ़ करोड़ की एंगेजमेंट रिंग भी चर्चा में, फिल्ममेकर की बेटी होने का दावा भी गलत**





### 2022 में सामंथा ने लिया था नागा चैतन्य से तलाक

सामंथा रुथप्रभू और नागा चैतन्य फिल्म ये माया चेसावे में साथ नजर आए थे। इस फिल्म के सेट पर दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और रिलेशनशिप में आ गए। 7 सालों तक रिलेशनशिप में रहने के बाद सामंथा ने साउथ स्टार नागा चैतन्य से साल 2017 में शादी की थी। दोनों की शादी हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद सामंथा ने अपना सरनेम अक्किनेनी कर लिया था, हालांकि जुलाई 2021 में उन्होंने सामंथा अक्किनेनी से नाम सामंथा रुथप्रभू कर लिया। इसके बाद से ही दोनों के तलाक की खबरें सामने आने लगीं और दोनों ने अक्टूबर 2021 में तलाक की अनाउंसमेंट कर दी। सामंथा से तलाक लेने के 2 साल बाद नागा चैतन्य ने एक्ट्रेस शोभिता धूलिपाला से शादी की है।

### चर्चा में सामंथा की डायमंड रिंग

सामंथा की एंगेजमेंट रिंग की कीमत कम से कम 1.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये खास रेयर कलेक्शन वाली रिंग पोर्ट्रेट कट डायमंड से बनी हुई है। सेंटर में 2 कैरेट का लॉजेंज पोर्ट्रेट कट डायमंड लगा है, जिसके चारों तरफ पंखुड़ियों जैसी आकृति वाले 8 कस्टम पोर्ट्रेट कट डायमंड जड़े हुए हैं। दुनिया में चंद वर्कशॉप ही हैं, जो इस तरह के पोर्ट्रेट कट वाली रिंग बनाती हैं। सामंथा राज की डेटिंग की खबरें लंबे समय से चर्चा में थीं। हालांकि शादी की अनाउंसमेंट होने से पहले तक किसी ने ध्यान नहीं दिया था कि सामंथा लंबे समय से ये डायमंड रिंग पहनी हुई थीं।


### पहली शादी से बेटी होने के दावे से विवादों में थे राज

1 दिसंबर को सामंथा-राज की शादी की खबरें सामने आने के बाद से ही राज कि पिछली शादी से जुड़े कई दावे किए जाने लगे। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि राज ने पहली पत्नी को तलाक नहीं दिया है।
वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पहली पत्नी से राज निदिमोरू को एक बेटी है। हालांकि ये सभी दावे फर्जी साबित हुए। राज निदिमोरू ने साल 2015 में श्यामाली डे से शादी की थी, हालांकि 2022 में दोनों ने आधिकारिक तौर पर तलाक ले लिया। इस शादी से उन्हें कोई संतान नहीं थी। जिस बच्ची के साथ राज की तस्वीरें वायरल हुई थीं, वो दरअसल, उनके पार्टनर डीके की बेटी हैं।

### प्राचीन योगिक परंपरा से हुई सामंथा-राज की शादी

सामंथा-राज ने इंटीमेट वेडिंग की है, जिसमें सिर्फ परिवार के लोग और करीबी दोस्त शामिल थे। कपल ने सदगुरु के ईशा फाउंडेशन के लिंगा भैरवी मंदिर में प्राचीन योगिक परंपरा से भूत शुद्धि विवाह किया है। यह एक खास प्रक्रिया है, जिसमें शादी करने वाले दोनों लोगों के बीच ऐसा गहरा रिश्ता बनाया जाता है जो सिर्फ सोच, भावनाओं या शरीर तक सीमित न होकर शरीर के पांचों तत्वों के स्तर पर जुड़ता है। लिंग भैरवी मंदिरों या कुछ चुनिंदा जगहों पर किया जाने वाला यह विवाह, दंपति के भीतर मौजूद पांच तत्वों को शुद्ध करता है और उनके रिश्ते में शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक संतुलन पैदा करता है, जिसमें देवी की कृपा होती है।





### साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या की वापसी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दल्ली

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पंड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पंड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

**रिंकू और रेड्डी को मौका नहीं-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वॉड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं।

रायपुर में वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे।

**हार्दिक पंड्या ने मुश्ताक अली में फिफ्टी लगाई-** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी लिया था।

**शुभमन कोलकाता टेस्ट में इंजर्ड हुए थे -** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में बैटिंग के दौरान स्वीप शॉट खेलने के बाद उन्हें गर्दन में खिंचाव महसूस हुआ। जिसके बाद वे रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां सामने आया कि वे क्रिकेट खेलने के लिए फिलहाल फिट नहीं हैं।

उप कप्तान गिल को टी-20 टीम में मौका जरूर मिल गया, लेकिन वे शायद शुरूआती मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं। उन्हें मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मुकाबले में उतारा जाएगा।

**9 दिसंबर से शुरू होगी सीरीज-** रायपुर में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला गया। 6 दिसंबर को तीसरा वनडे खेला जाएगा। फिर 9 दिसंबर से 5 टी-20 की सीरीज शुरू हो जाएगी। 5 मुकाबले 9, 11, 14, 17 और 19 दिसंबर को खेले जाएंगे। जिसके वेन्यू कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद हैं। वर्ल्ड कप की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज दोनों ही टीमों के लिए अहम है।

# कोहली 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे



### डीडीसीए को फोन करके जानकारी दी 24 दिसंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली 15 साल बाद घरेलू विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे। उन्होंने फोन पर डीडीसीए को इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, रांची में फिटनेस पर कोहली के बयान के बाद बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने विराट को विजय हजारे खेलने के लिए मनाया।

पहले वनडे के बाद विराट ने कहा था- 'मुझे पता है कब आराम करना है और कब खेलना है।' उन्होंने कहा था कि वे मैच से पहले एक दिन का ब्रेक लेते हैं, क्योंकि अब 37 साल की उम्र में रिकवरी के लिए समय की भी जरूरत होती है।

कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी में पिछला मैच फरवरी 2010 में सर्विसेज के खिलाफ खेला था। टूर्नामेंट 24 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। कोहली अब टीम इंडिया के लिए सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं। वे टी-20 क्रिकेट से 29 जून 2024 और टेस्ट से 12 मई 2025 को रिटायर हो चुके हैं। बेंगलुरु में होंगे दिल्ली के सभी 7 मैच दिल्ली अपने 5 लीग मैच बेंगलुरु के पास अलूर में खेलेगी और दो मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जो कोहली की आईपीएल टीम आरसीबी का होम ग्राउंड है। कोहली ने दिल्ली के लिए आखिरी बार सितंबर 2013 में 50 ओवर का घरेलू टूर्नामेंट एनकेपी साल्वे चैलेंजर ट्रॉफी खेला था।

# क्रिकेटर रेणुका ठाकुर को रेलवे में ओएसडी की जॉब

### हिमाचल में डीएसपी बनने की चाहत सीएम से नौकरी की मांग कर चुकीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को रेलवे ने ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी के पद पर नियुक्ति की पेशकश की है। यह ऑफर उनकी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों और देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिया गया है। हालांकि, रेणुका इस समय हिमाचल प्रदेश में डीएसपी रैंक की सरकारी नौकरी पाने की इच्छुक हैं। इस बीच रेलवे में ओएसडी पद पर नौकरी का यह प्रस्ताव उनके लिए एक बड़ा सम्मान है।

रेणुका ठाकुर हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू की रहने वाली हैं। उनकी गिनती देश की टॉप महिला तेज गेंदबाजों में होती हैं। उन्होंने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईसीसी द्वारा इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान भी जीता था। रेणुका हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से घरेलू क्रिकेट खेलती हैं और आज इंटरनेशनल स्तर पर भारत की तेज गेंदबाजी की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती हैं। रेणुका के रेलवे में ओएसडी पद के लिए चयन को लेकर खेल जगत में खुशी की लहर है। ओएसडी का पद रेलवे में प्रतिष्ठित माना जाता है और आमतौर पर यह भूमिका खिलाड़ियों या विशिष्ट उपलब्धियों वाले व्यक्तियों को दी जाती है। इस पद पर उन्हें एक सम्मानजनक वेतनमान और खेल गतिविधियों में आसानी के साथ योगदान देने की सुविधा मिलती है। खेल मंत्रालय और भारतीय रेलवे ने कई क्रिकेटरों को पहले भी इस तरह की पदस्थापनाएं दी हैं। इसी बीच रेणुका की इच्छा हिमाचल प्रदेश पुलिस में डीएसपी रैंक की नौकरी पाने की है। यह मांग वह पहले भी राज्य सरकार के सामने रख चुकी हैं। उनका कहना है कि वह अपने राज्य की सेवा पुलिस विभाग के माध्यम से करना चाहती हैं। राज्य में खेल कोटे के तहत कई खिलाड़ियों को पहले भी डीएसपी स्तर पर नियुक्त किया जाता रहा है, इसलिए उनका आग्रह नया नहीं माना जा रहा।

# बांग्लादेश ने आयरलैंड को 8 विकेट से तीसरा टी-20 हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने आयरलैंड को तीसरे टी-20 में 8 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली। चट्टोग्राम में पहले बैटिंग करते हुए आयरलैंड की टीम 117 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। होम टीम ने 13.4 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

मुस्तफिजुर को 3 विकेट मतिउर रहमान स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टिम टेक्टर के साथ 38 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। टेक्टर 17 रन बनाकर आउट हुए। यहां से टीम ने लगातार विकेट गंवाने शुरू कर दिए। स्टर्लिंग 38, जॉर्ज डॉकरेल 19 और गारेथ डिलानी 10 रन बनाकर आउट हो गए। बाकी कोई बैटर 9 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। टीम 19.5 ओवर में 117 रन ही बना पाई। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने महज 11 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 21 रन देकर 3 विकेट झटके। शोरिफुल इस्लाम ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सैफुद्दीन और मेहदी हसन को 1-1 विकेट मिला। सैफ हसन कोई विकेट नहीं ले सके। तंजिद हसन ने फिफ्टी लगाकर जिताया 118 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम को ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### कभी भारत में

## सबसे अधिक फोन बेचने वाली कंपनी ने किया एयरटेल संग करार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कभी देश में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन बेचने वाली फिनलैंड की कंपनी नोकिया भारत में एक बार फिर एक बड़े करार के साथ वापसी की है। नोकिया ने बताया है कि इस सहयोग का उद्देश्य एक डेवलपर पोर्टल के साथ नोकिया के 'नेटवर्क ऐज कोड प्लेटफॉर्म' के जरिए एयरटेल के अखिल भारतीय नेटवर्क को थर्ड पार्टी इनोवेशंस के लिए खोलना है।

कभी देश में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन बेचने वाली फिनलैंड की कंपनी नोकिया भारत में एक बार फिर एक बड़े करार के साथ वापसी की है। कंपनी ने भारती एयरटेल के साथ हाथ मिलाया है ताकि दूरसंचार ऑपरेटर की नेटवर्क क्षमताएं पूरे भारत में डेवलपर्स और उद्यमों के लिए उपलब्ध कराई जा सके। नोकिया ने बताया है कि इस सहयोग का उद्देश्य एक डेवलपर पोर्टल के साथ नोकिया के 'नेटवर्क ऐज कोड प्लेटफॉर्म' के जरिए एयरटेल के अखिल भारतीय नेटवर्क को थर्ड पार्टी इनोवेशंस के लिए खोलना है। यह साझेदारी डेवलपर्स और व्यवसायों को सब्सक्रिप्शन के आधार पर एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के माध्यम से एयरटेल के नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करेगी। यह पहुंच एयरटेल को 5जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एज कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों का उपयोग करके उन्नत डिजिटल समाधान बनाने में सक्षम बनाएगी। इस कदम से डेवलपर्स को नए उत्पाद बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है, साथ ही एयरटेल को अपने नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर से राजस्व के नए स्रोत खोजने में भी मदद मिलेगी। सफल परीक्षणों के बाद, इस पहल को सिस्टम इंटीग्रेटर्स और उद्यमों सहित व्यापक डेवलपर आधार के लिए लागू किया जाएगा।

### बाल मृत्यु दर पर गेट्स फाउंडेशन की यह राय

# सस्ते मेडिकल उपकरणों का सप्लायर बन सकता है भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गेट्स फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने कहा कि भारत वैक्सीन उद्योग के मॉडल पर आगे बढ़ते हुए सस्ते और आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है। साथ ही उन्होंने बच्चों की मौतों पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत वैक्सीन निर्माण में वैश्विक दबदबे के बाद अब किफायती डायग्नोस्टिक्स और मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में दुनिया की अगली बड़ी ताकत बनने की ओर बढ़ रहा है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने यह बात कही। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया इस सदी में पहली बार बच्चों की बढ़ती मौतों के वर्ष में प्रवेश कर रही है।

**भारत की क्षमता सस्ती स्वास्थ्य तकनीकों को दे रही दिशा-** 2025 गोलकीपर रिपोर्ट के विमोचन पर सुजमैन ने कहा कि भारत की उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली विनिर्माण क्षमता ने वैश्विक टीकाकरण को बदल दिया है और अब यही क्षमता सस्ती स्वास्थ्य तकनीकों को नई दिशा दे रही है। इनमें एआई सक्षम एंटीनैटल टेस्टिंग डिवाइस और दो डॉलर से कम कीमत में आने वाला नया टीबी टेस्ट शामिल है।

**2025 में 4.8 मिलियन बच्चों की मौत का अनुमान-** रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मौतों का आंकड़ा 2024 में 4.6 मिलियन से बढ़कर 2025 में 4.8 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2000 के बाद पहली बार वृद्धि होगी, जो दो दशक की प्रगति को उलटने वाली स्थिति मानी जा रही है।

**वैश्विक स्वास्थ्य सहायता में कटौती से कितना हो सकता है नुकसान-** इसमें चेतावनी दी गई है कि वैश्विक स्वास्थ्य सहायता में 20 प्रतिशत की कटौती से 2045 तक 12 मिलियन अतिरिक्त बच्चों की मृत्यु हो सकती है और अगर कटौती 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है तो यह संख्या बढ़कर 16 मिलियन हो जाएगी।



### वैश्विक स्वास्थ्य में प्राप्तकर्ता से योगदानकर्ता बना भारत

- उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति ने उसे वैश्विक स्वास्थ्य में प्राप्तकर्ता से योगदानकर्ता बना दिया है। साथ ही उन्होंने इस वर्ष ग्लोबल फंड के लिए सरकार द्वारा 30 मिलियन डॉलर देने की प्रतिबद्धता की ओर इशारा किया, जो 25 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा कि भारत के पास शेष विश्व के लिए महत्वपूर्ण सबक हैं। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे ऐतिहासिक रूप से पिछड़े राज्यों में भी सुधार की बात कही।
- रिपोर्ट में भारत के टीकाकरण लाभों पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें 2024 में 94 प्रतिशत पेंटावेलेंट वैक्सीन कवरेज और कम लागत वाले भारतीय निर्मित टीकों का प्रभाव शामिल है, जैसे कि 2 डॉलर का न्यूमोकोकल वैक्सीन और 1 डॉलर का रोटावायरस वैक्सीन, जिससे अफ्रीका और एशिया में टीकों की व्यापक शुरुआत संभव हुई है।

सुजमैन ने कहा कि इन उलटफेरों से अफ्रीका सबसे अधिक प्रभावित होगा, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मिशन इन्द्रधनुष और स्वास्थ्य व कल्याण केन्द्रों में दीर्घकालिक निवेश के बल पर भारत संभवतः शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सफल रहेगा।

**रिपोर्ट में बाल जीवन दर की गिरावट पर तत्काल कार्रवाई का आह्वान-** इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि नियमित टीकाकरण वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम खरीद है, व इसमें खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर पर 54 डॉलर की वापसी होती है। सुजमैन ने कहा कि मातृ व नवजात शिशु देखभाल, पोषण और टीकाकरण दरों को और बढ़ाने में चुनौतियां बनी हुई हैं। गोलकीपर्स रिपोर्ट में वैश्विक बाल जीवन दर में अनुमानित गिरावट को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि हम लगभग पर ही नहीं रुक सकते।

### नए व्यवसायों की

## संख्या बढ़ने से सेवा क्षेत्र में तेजी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

भारत के सेवा क्षेत्र में नवंबर महीने में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। नए व्यवसायों की संख्या में तेजी और कीमतों में नरमी आने से सेक्टर की गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर में बढ़कर 59.8 पर पहुंच गया, जबकि अक्टूबर में यह 58.9 पर आ गया था।

नए व्यवसायों की संख्या में तेजी से वृद्धि और कीमतों में कमी से नवंबर में सेवा क्षेत्र की वृद्धि में तेजी आई है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स बढ़कर 59.8 हो गया। अक्टूबर में यह गिरकर 58.9 पर आ गया था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का मतलब मजबूती और इससे नीचे का मतलब कमजोरी माना जाता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए व्यवसायों के आने से सेवा क्षेत्र के उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा मिला है। एशिया, यूरोप व मध्य पूर्व में कंपनियों के लाभ दर्ज करने के साथ अंतरराष्ट्रीय बिक्री में सुधार जारी रहा। हालांकि, विस्तार की दर आठ माह के निचले स्तर पर आ गई। कड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा व अन्य जगहों पर सस्ती सेवाओं की आपूर्ति ने विकास को बाधित किया। भंडारी ने कहा, विदेशी सेवाओं में प्रतिस्पर्धा के कारण अंतरराष्ट्रीय बिक्री आठ महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। इनपुट मूल्य मुद्रास्फीति लगभग साढ़े पांच साल के निचले स्तर पर आ गई। बिक्री शुल्क में मामूली वृद्धि हुई। हालांकि नवंबर में भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में और नौकरियां जुड़ीं, लेकिन विस्तार की दर मध्यम मोटे तौर पर पिछले दो महीनों के समान ही रही। अधिकतर कंपनियों ने इस दौरान पेरोल संख्या में कोई बदलाव नहीं बताया।

### राज्यों को हिस्सेदारी पर ये बोलीं वित्त मंत्री

# जरूरी चीजों पर 'स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा सेस' नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' पेश करते हुए साफ किया कि प्रस्तावित उपकर केवल पान मसाला जैसे हानिकारक उत्पादों पर ही लागू होगा, न कि आटा-दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में साफ किया कि प्रस्तावित 'स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर या सेस' केवल पान मसाला जैसी 'डिमैरिट' वस्तुओं (हानिकारक उत्पादों) पर लगाया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को आश्वस्त किया कि आटा-दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर यह उपकर नहीं लगेगा। साथ ही, इस नए उपकर से होने वाली कमाई को स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। वित्त मंत्री ने 'स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को पेश करते हुए इसके प्रमुख पहलुओं और सरकार की मंशा को विस्तार से समझाया।



**क्यों लाया गया यह नया बिल-** निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के दो प्रमुख क्षेत्रों-स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा- के लिए एक 'समर्पित और निश्चित संसाधन प्रवाह' तैयार करना है। उन्होंने कहा, ¥यह एक उपकर (डी२२) है और इसे किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं लगाया गया है। इसका उद्देश्य उन 'हानिकारक वस्तुओं' पर टैक्स लगाना है जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। हम इन उत्पादों पर ऐसी लागत थोपना चाहते हैं जो चीजों गैरकिफायती बनाए, ताकि लोग इनका उपयोग कम इस्तेमाल करें।

वित्त मंत्री ने पान मसाला पर लगने वाले टैक्स के ढांचे को स्पष्ट करते हुए कहा कि जीएसटी पान मसाला पर उसकी खपत के आधार पर जीएसटी के तहत अधिकतम 40 प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा। इसके अलावे प्रस्तावित 'स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर' जीएसटी के ऊपर अलग से देय होगा। चूंकि जीएसटी खपत के स्तर पर लगाया जाता है और पान मसाला पर उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जा सकता, इसलिए यह नया उपकर पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्रियों की मशीनों की 'उत्पादन क्षमता' पर लगाया जाएगा। नए प्रावधानो के अनुसार, हर फैक्ट्री के लिए उपकर की देनदारी उसकी उत्पादन क्षमता के आधार पर अलग-अलग होगी।

**राज्यों को फायदा क्या मिलेगा-** वित्त मंत्री ने जोर दिया कि इस उपकर से केंद्र सरकार को जो भी राजस्व मिलेगा, उसका एक हिस्सा राज्यों को भी दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि यह राशि स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों या अन्य स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं-गतिविधियों के जरिए राज्यों से साझा की जाएगी।

**जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह नई व्यवस्था-** यह विधायी बदलाव ऐसे समय में किए जा रहे हैं जब जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की अवधि समाप्त होने वाली है। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू करते समय राज्यों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए 5 साल (जून 2022 तक) के लिए क्षतिपूर्ति उपकर का प्रावधान किया गया था। कोविड काल में केंद्र की ओर से लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के कर्ज को चुकाने के लिए इसका विस्तार मार्च 2026 तक के लिए कर दिया गया। यह कर्ज अदायगी अब अगले कुछ हफ्तों में पूरी होने वाली है। वर्तमान में पान मसाला, तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी और विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगता है।

### पूर्वोत्तर के लिए 5700 करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत

# नेपाल में अब 200-500 के भारतीय नोट भी चलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि प्रधानमंत्री उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के तहत लगभग 5,700 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सिंधिया ने बुधवार को मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह जानकारी दी। सिंधिया ने कहा कि पीएम-डिवाइन मंत्रालय की सबसे महत्वपूर्ण योजना है, जिसे केंद्रीय बजट 2022-2023 में शुरू किया गया था। इसकी कुल लागत 6,600 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि 44 परियोजनाओं में से तीन पूरी हो चुकी हैं और 41 पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि योजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है और मंत्रालय पूरी राशि का उपयोग करने की राह पर है। पूर्वोत्तर बन रहा एशिया का गेटवे : सोनोवाल...केन्द्रीय जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि पूर्वोत्तर एकीकृत जांच चौकियों और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के जरिये दक्षिण पूर्व एशिया के लिए लॉजिस्टिक्स और सांस्कृतिक गेटवे बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दशकों की उपेक्षा को बदलकर यह क्षेत्र अष्टलक्ष्मी के रूप में उभर रहा है।

नेपाल में अब 100 रुपये से अधिक मूल्य के भारतीय नोटों के चलन के लिए रास्ता साफ हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नेपाल में उच्च मूल्य वाले नोटों के विनिमय को मंजूरी दी है। अभी तक नेपाल में केवल 100 रुपये तक का भारतीय नोट स्वीकार्य था लेकिन अब 200 और 500 रुपये के नोट भी चलेंगे। हालांकि, यह व्यवस्था तुरंत लागू नहीं होगी। नेपाल राष्ट्र बैंक को इसके लिए अलग से सर्कुलर (परिपत्र) जारी करना होगा। इसके बाद ही आम नागरिक और पर्यटक बड़े मूल्य के नोट लेनदेन में प्रयोग कर सकेंगे। भारत में वर्तमान में 100, 200 और 500 रुपये के नोट प्रचलन में हैं। 2016 में भारत में नोटबंदी के बाद नेपाल राष्ट्र बैंक ने बड़े मूल्य के नोटों का विनिमय रोक दिया था। अब भारत ने नेपाल और भूटान में 25,000 रुपये तक भारतीय मुद्रा ले जाने और लाने की अनुमति दी है।

# स्टाफ की कमी से इंडिगो की 550 फ्लाइट्स कैंसिल, एयरलाइन ने माफी मांगी, ठीक होने में 3 महीने लगेंगे

## सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते तीन दिनों से क्रू की कमी झेल रही है

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते तीन दिनों से क्रू की कमी झेल रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली-मुंबई समेत 10 से ज्यादा एयरपोर्ट पर 550+ फ्लाइट्स कैंसिल हुईं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की 172 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं मुंबई में 118, बेंगलुरु में 100, हैदराबाद में 75, कोलकाता में 35, चेन्नई में 26, गोवा में 11, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुईं।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने गुरुवार को एयरलाइन के अधिकारियों से मुलाकात की। एयरलाइन ने नियमों में छूट मांगी और कहा कि संचालन सामान्य करने में तीन महीने लग सकते हैं। DGCA ने इंडिगो से सुधार के लिए कुछ जरूरी पहलुओं पर काम करने को कहा है। DGCA ने इंडिगो से क्रू की भर्ती, ट्रेनिंग रोडमैप, रोस्टर रीस्ट्रक्चरिंग, सेफ्टी प्लान देने और हर 15 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट भेजने को कहा। वहीं गुरुवार को इंडिगो ने माफी मांगी और कहा कि वह ऑपरेशन जल्द ठीक करने पर काम कर रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर सैकड़ों यात्रियों ने बुधवार-गुरुवार की रात फ्लाइट का इंतजार करते हुए गुजारी। दिल्ली एयरपोर्ट पर सैकड़ों यात्रियों ने बुधवार-गुरुवार की रात फ्लाइट का इंतजार करते हुए गुजारी।




DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ।

वहीं 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण एयरलाइन कंपनियों के पास पायलटों और क्रू मेंबर्स की अचानक कमी पड़ गई है। उ्रष्ठअ ने बताया कि नवंबर में इंडिगो की कुल 1,232 उड़ानें कैंसिल की गईं, जिनमें FDTL नियमों के कारण 755 उड़ानें शामिल हैं।


## देशभर के एयरपोर्ट्स के हाल

मुंबई एयरपोर्टः मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो स्टाफ ने बताया कि गुरुवार को कुल 86 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इनमें 41 फ्लाइट मुंबई आने वाली और 45 मुंबई से दूसरे शहरों में जाने वाली फ्लाइट्स थीं।

जयपुर और जोधपुर एयरपोर्ट : जयपुर में गुरुवार को 3 इंडिगो फ्लाइट कैंसिल हुई है। जोधपुर से 4 इंडिगो फ्लाइट को रद्द किया गया है। इनमें ज्यादातर फ्लाइट्स बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता आने-जाने वाली थीं।

हैदराबाद एयरपोर्टः राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को यहां से उड़ान भरने वाली इंडिगो की 33 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। हैदराबाद आने वाली 35 फ्लाइट्स भी कैसिंल होने की आशंका है। इंडिगो ने बुधवार को हैदराबाद से 19 उड़ानें रद्द कर दी थीं।

इंदौर एयरपोर्टः मध्य प्रदेश के इंदौर में इंडिगो की तीन फ्लाइट्स रद्द की गई हैं। बुधवार को भी इंडिगो की 18 उड़ानें कैंसिल हुई थीं। एयरलाइन के अनुसार, रद्द की गई उड़ानों में जयपुर, दिल्ली, मुंबई, गोवा, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख रूट शामिल हैं।



### देश की 60% घरेलू उड़ानें इंडिगो के पास

आखिर इंडिगो से टेंशन क्योंः इंडिगो के पास सबसे ज्यादा 434 विमान हैं। एक दिन में 2300 से ज्यादा उड़ानें हैं। देश की 60 प्रतिशत से अधिक घरेलू उड़ानें इसी के पास हैं।

अभी कितना स्टाफ हैः अभी इसके पास 5456 पायलट और 10212 केबिन क्रू मेंबर हैं। 41 हजार से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं।

फिर क्रू की कमी क्यों हैः इंडिगो का कहना है कि नए फ्लाइट टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण पायलट और क्रू की कमी हुई है। नए नियमों में पायलटों के उड़ान भरने के नियमों को घटाकर रोजाना 8 घंटे कर दिया गया है।

## एअर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

एअर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवंबर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने के बाद DGCA ने प्लेन की उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अ-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवंबर 2024 में विस्तारा का एअर इंडिया के साथ मर्जर हुआ। इसके बाद विमान एअर इंडिया का हिस्सा बन गया। उड़ान के लिए प्लेन को एयरवदीर्नेस सर्टिफिकेट दिया जाता है। इसे DGCA जारी करता है। इस मामले में भी तय हुआ कि मर्जर के बाद पहला सर्टिफिकेट DGCA जारी करेगा। लेकिन जब DGCA सर्टिफिकेट देने के लिए विमान की जांच करने पहुंचा तो उसका इंजन बदला जा रहा था। एयरलाइन के अफसरों ने बताया कि जैसे ही इंजन बदल दिया जाएगा, आपको फिर से बुलाया जाएगा। इस बीच इंजन बदलने में लंबा समय लगा और सर्टिफिकेट की अवधि खत्म हो गई। एयरलाइन ने इसकी जानकारी DGCAको नहीं दी और विमान को रूट्स पर ऑपरेट करना शुरू कर दिया। यह एयरलाइन की गलती थी।

## मध्यप्रदेश के 9 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे; हिमाचल में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

# श्रीनगर से ठंडा राजस्थान का सीकर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पहाड़ी राज्यों से आ रही बफीर्ली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। सीकर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे ओस की बूंदें जम गईं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कोल्डवेव चलने का अनुमान जताया है।

मध्य प्रदेश के 9 शहरों में गुरुवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राज्य के भोपाल, इंदौर और ग्वालियर समेत कई शहरों के अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में



गुरुवार को पारा शून्य से नीचे चला गया। इससे नदी और झरने जम गए हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 4 डिग्री दर्ज किया गया। पुलवामा में माइनस 5.6 डिग्री, काजीगुंड में माइनस 3.6 डिग्री, कुपवाड़ा में माइनस 3.2 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में गुरुवार को कोल्डवेव और कोहा छाया रहा। लाहौल स्पीति के ताबो में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 9.8 डिग्री तक पहुंच गया।

मध्य प्रदेश में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। बीती रात ग्वालियर समेत 9 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा सबसे कम 6.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 7 और 8 दिसंबर को एमपी के उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ठंड का असर बढ़ जाएगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-नर्मदापुरम संभाग में भी कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। राजस्थान के कई शहरों में गुरुवार को मौसम की सबसे सर्द रात रही। सीकर के पास फतेहपुर में सबसे कम तापमान, 2.2 डिग्री दर्ज हुआ। बीकानेर के लूणकरणसर में 2.9 डिग्री, नागौर में 4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। सीकर, फतेहपुर और चूरू के आसपास ग्रामीण इलाकों में फसलों पर ओस की बूंदें जम गईं। इससे पाला पड़ने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले कुछ दिनों तक इसी तरह की सर्दी रहने का अनुमान है।

## तमिलनाडु में कार्तिगई दीपम विवाद; दीया जलाने गए बीजेपी चीफ नैनार नागेंद्रन हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को गुरुवार को मदुरै में थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम पर दीया जलाने की कोशिश के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मद्रास हाईकोर्ट ने इस स्थान पर दीया जलाने की अनुमति दी थी, जबकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर चुकी है।

पुलिस के मुताबिक नागेंद्रन, याचिकाकर्ता रामा रविकुमार और कई हिंदुत्व संगठनों के कार्यकर्ता गुरुवार सुबह पहाड़ी की ओर बढ़े थे। पुलिस ने उन्हें पहले ही बताया था कि हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार अपील कर रही है और इसलिए उन्हें चढ़ाई की अनुमति नहीं दी जा सकती। पुलिस निर्देश मानने से इनकार पर नागेंद्रन और अन्य कार्यकताओं को पुलिस वाहन में बैठाकर वहां से दूर ले जाया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में हिंदू मुन्नानी से जुड़े सदस्य भी शामिल हैं। हालांकि बाद में पिटीशनर रविकुमार पुलिस अधिकारियों से चर्चा के बाद वहां से लौट गए।

## ओडिशा- उत्कल संगीत महाविद्यालय का ड्रामा टीचर गिरफ्तार, नाबालिग से सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

ओडिशा के भुवनेश्वर में उत्कल संगीत महाविद्यालय में नाबालिग छात्रा से सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप में गेस्ट फैकल्टी ड्रामा टीचर को गिरफ्तार किया। खारवेलनगर पुलिस ने बताया कि प्रिंसिपल की शिकायत मिलने पर गिरफ्तारी हुई है। आरोप के बाद छात्रों ने विरोध किया, जिसके बाद कॉलेज ने फैकल्टी की सेवाएं समाप्त कर दीं। मामले की जांच के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग की तीन-सदस्यीय समिति ने कैंपस का दौरा किया। विशेष सचिव देबा प्रसाद दास ने कहा कि आरोपी को भविष्य में किसी भी कॉलेज में नियुक्ति से ब्लैकलिस्ट करने की सिफारिश की जाएगी।

## दिलजीत दोसांझ बोले- मैं इस दुनिया से जा चुका, सिंगर-एक्टर ने कहा- कलाकार को जिंदा रहते परेशान करते हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

अपने गीतों पर दुनिया भर में बस रहे हिंदुस्तानियों खासकर पंजाबियों को नचाने वाले दिलजीत दोसांझ के दिल में भी एक कलाकार का गहरा दर्द छुपा है। दिलजीत दोसांझ ने तो यहां तक कह दिया कि मैं यह मान चुका हूं कि मैं इस दुनिया से जा चुका हूं। दिलजीत दोसांझ ने कहा कि हर कलाकार के दिल में एक बड़ा दर्द छुपा है। चमकीला फिल्म के बारे में एक इंटरव्यू के दौरान दिलजीत दोसांझ के दिल में भरा दर्द छलका। इस दौरान वो बाकायदा भावुक भी हुए और उन्होंने इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि इसे कट कर दो। दिलजीत ने कहा कि जब तक कलाकार जिंदा होता है तो उसे परेशान किया जाता है। उसे तब तक परेशान करते हैं, जब तक वो मर नहीं जाता। कलाकार को मारने की धमकी दी जाती है, उसे मार भी दिया जाता है। जैसा चमकीला के साथ हुआ और कलाकारों के साथ भी हुआ। जैसे ही कलाकार मर जाता है या उसे मार दिया जाता है तब लोग उसके कसीदे पढ़ना शुरू कर देते हैं। यह कलाकारों की बड़ी दुखभरी कहानी हे। इसलिए मैं मान चुका हूं कि मैं इस दुनिया से जा चुका हूं। मैं म्यूजिक आर्ट को प्यार करता हूं। दिलजीत दोसांझ का कहना है कि हर आर्टिस्ट को अपने जीवन में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब तक वो मर नहीं जाता तब तक लोग उसे महान नहीं कहते और उसे वो प्यार नहीं देते।

### एयरफोर्स चीफ को भी 2 साल का एक्सटेंशन मिला

# पाकिस्तान में तीनों सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर: प्रधानमंत्री शहबाज ने सिफारिश की थी

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी।

मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एक साथ CDF और COAS दोनों पद संभालेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के लिए दो साल के एक्सटेंशन को भी मंजूरी दी गई, जो मार्च 2026 में उनके मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने के बाद लागू होगा।

पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को उक्त्न बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं।

### 2022 में सेना प्रमुख बने

दरअसल 29 नवंबर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवंबर 2025 को खत्म हो गया। मुनीर को CDF बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, तब मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़े।

पिछले साल ही संसद ने कानून पास करके सेना प्रमुख का कार्यकाल 3 से बढ़ाकर 5 साल कर दिया था। इसलिए कानूनी रूप से उनका पद खतरे में नहीं था।

### चीफ ऑफ स्टाफ की जगह CDF पद बनाया गया

पिछले महीने हुए संविधान संशोधन में चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी की जगह सीडीएफ पद बनाया गया जो तीनों सेनाओं के बीच तालमेल रखेगी। शाहिद शमशाद मिर्जा के 27 नवंबर को रिटायर हो जाने के बाद अब तक आसिम मुनीर उक्त्न नहीं बन पाए हैं। इस बीच भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य तिलक देवाशेर ने अठकसे बातचीत में दावा किया है कि पीएम शहबाज शरीफ ने जानबूझकर ऐसा किया।

देवाशेर ने चिंता जताई कि आसिम मुनीर अपनी ताकत दिखाने के लिए भारत के खिलाफ कोई तनाव पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही आधिकारिक रूप से यह साफ न हो कि मुनीर अब आर्मी चीफ हैं या नहीं, फिर भी उनके पास इतना असर है कि वे कुछ भी करवा सकते हैं।

देवाशेर के अनुसार, पाकिस्तान खुद इस बात को लेकर अनिश्चित है कि आर्मी चीफ कौन है और अगर मुनीर के मन में भारत पर दबाव बनाने या कोई घटना भड़काने का विचार आ गया तो हालात और खतरनाक हो जाएंगे।

### विपक्ष बोला- शहबाज के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं

विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मामले को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा था, 'यह देरी साबित करती है कि शहबाज शरीफ के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं रहा।' पीपुल्स पार्टी के सीनेटर रजा रब्बानी ने पूछा था, क्या संविधान के बाद भी कोई अनकहा वीटो पावर काम कर रहा है? कई पूर्व जनरलों ने कहा कि नोटिफिकेशन न आना अपमानजनक है।

## अमेरिका में पाकिस्तानी पीएम-आर्मी चीफ पर बैन लगाने की मांग



### 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा- पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं। यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है।

सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। इसी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं।

### दावा- फ्रांसी राष्ट्रपति बोले- यूक्रेन को धोखा दे सकता है अमेरिका; यूरोपीय नेताओं की सीक्रेट कॉल लीक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी है कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। जर्मन अखबार डेर श्पीगल के मुताबिक 1 दिसंबर को यूरोपीय नेताओं की एक सीक्रेट वीडियो कॉल लीक हो गई थी। जिसमें जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो के महासचिव मार्क रूटे, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शामिल थे। इस दौरान मैक्रों ने शक जताया था कि अमेरिका बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी दिए यूक्रेन को क्षेत्र छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है। इस कॉल की लिखित रिकॉर्डिंग अखबार के पास पहुंची है। नेताओं ने साफ कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दो खास लोगों अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर पर जरा भी भरोसा नहीं है। जर्मनी के चांसलर मर्ज ने जेलेंस्की से कहा, ह्रआने वाले दिनों में बहुत सावधान रहिए, आपके साथ और हमारे साथ खेल खेला जा रहा है ह्र फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब और नाटो चीफ रूटे ने भी यही बात दोहराई कि जेलेंस्की को इन दोनों अमेरिकियों के साथ अकेला नहीं छोड़ा जा सकता।

### बांग्लादेशी गाय तस्कर की फायरिंग में मौत; अवैध तरीके से भारतीय सीमा में घुसा था

भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर गुरुवार तड़के इत्त्र की फायरिंग में एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। गाय तस्करी में शामिल मृतक अवैध तरीके से भारतीय सीमा में घुसा था। मृतक का नाम सबुज मिया (30) है।

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के मुताबिक 8 से 10 बांग्लादेशी तस्कर रात में अवैध रूप से भारतीय इलाके में घुसे थे। इत्त्र की चेनाकाटा कैंप की पेट्रोल टीम ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान इत्त्रने फायरिंग की, जिसमें सबुज मिया की मौत हो गई जबकि बाकी लोग भागकर बांग्लादेश लौट गए।

घटना के बाद शव अपने साथ ले गई। बांग्लादेश की बॉर्डर गार्ड ने शव लौटाने के लिए फ्लैग मीटिंग की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने संबंधित इत्त्रकैंप को पत्र भेजकर शव की वापसी का आग्रह किया है।

### अमेरिकी शांति संस्थान का नाम 'ट्रम्प इंस्टीट्यूट ऑफ पीस' हुआ; व्हाइट हाउस बोला- दुनिया में शांति लाएगा

व्हाइट हाउस ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी शांति संस्थान का नाम बदलकर 'डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंस्टीट्यूट ऑफ पीस' कर दिया गया है। यह बदलाव ठीक उस वक्त हुआ है, जब ट्रम्प गुरुवार को रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के राष्ट्रपति फेलिक्स तशिशेकेदी की मेजबानी करने वाले हैं। यहां अमेरिका की मदद से दोनों देशों के बीच शांति समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। व्हाइट हाउस ने कहा, अब यह डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंस्टीट्यूट ऑफ पीस कहलाएगा। यह नाम एक ऐसे राष्ट्रपति के सम्मान में है, जिन्होंने एक साल से आठ युद्ध खत्म किए। यह मजबूत नेतृत्व से दुनिया में शांति हासिल करने का प्रतीक बनेगा।

### जर्मनी में इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम 'एरो-3' तैनात, ये रूसी बैलिस्टिक मिसाइलें रोकने में सक्षम

जर्मनी ने बर्लिन के पास इजराइल में बना एरो-3 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह रूस की ओरेशनिक जैसी बैलिस्टिक मिसाइलों का भी पता लगाकर उन्हें रोक सकता है। इजराइल ने हाल ही यह सिस्टम जर्मनी की राजधानी बर्लिन के पास स्थित एक एयर फोर्स बेस में आयोजित समारोह के दौरान जर्मनी को सौंपा था। इजराइली रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह उनके देश के इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा निर्यात सौदा है।

यह समझौता दो साल पहले लगभग 4 अरब डॉलर में हुआ था और 2025 तक सिस्टम देने का वादा किया गया था। एरो-3 इजराइल की सबसे एडवांस मिसाइल डिफेंस तकनीक है। यह लॉन्ग रेंज से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को स्पेस में ही तबाह करने की क्षमता रखता है। इजराइल ने पिछले दो सालों में ईरान और यमन से दागी गई कई मिसाइलों को इससे रोककर देश को सुरक्षित किया है। इजराइल एयरस्पेस इंडस्ट्रीज के चीफ ने कहा कि दुनिया में बैलिस्टिक मिसाइलों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे हालात में एरो-3 जैसी तकनीक बहुत अहम हो जाती है।

### हमास के हमले में 5 सैनिक घायल होने के बाद इजराइल ने दक्षिणी गाजा में एयरस्ट्राइक की

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

इजराइली सेना ने बुधवार को दक्षिणी गाजा में हवाई हमला किया। यह कार्रवाई दिन में हुए हमास के उस हमले के जवाब में की गई, जिसमें पांच इजराइली सैनिक घायल हुए थे। बुधवार देर रात हुई ये एयरस्ट्राइक ऐसे समय में की गईं जब इजराइल और हमास दोनों ही सीजफायर उल्लंघन के आरोप एक-दूसरे पर लगा रहे हैं। अक्टूबर की शुरुआत से लागू यह समझौता कई बार तनाव में आया, लेकिन आंशिक रूप से जारी है। दिन में पहले इजराइली अधिकारियों ने कहा कि उन्हें गाजा में मौजूद आखिरी बंधकों में से एक के बॉडी पार्ट्स मिले हैं। इसके साथ ही इजराइल ने कुछ फिलिस्तीनी नागरिकों को मिस्र सीमा के जरिए क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति देने का फैसला भी किया। इजराइल का दावा है कि उसने एयरस्ट्राइक शुरू करने से पहले हमास द्वारा सीजफायर तोड़ने की कई घटनाओं को दर्ज किया है।

## एच-1बी वीजा सोशल मीडिया अकाउंट की जांच के बाद मिलेगा, 15 से लागू होगा नया नियम

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच-1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें।

यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमेरिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच-1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच-4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा।

ऐसा पहली बार है, जब एच-1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है। नए नियम 15 दिसंबर




से लागू होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सभी दूतावासों को निर्देश जारी किए हैं। अगस्त से स्टडी वीजा एफ-1, एम-1 और जे-1 साथ ही विजिटर वीजा बी-1, बी-2 के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करने की अनिवार्यता लागू की जा चुकी है। एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है।

### गोल्ड कार्ड में हमेशा रहने का अधिकार मिलेगा

ट्रम्प ने ल्ल-1इ में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, ळउर, विप्रो, कॉग्निजेंट और ल्उछ जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को ल्ल-1इ वीजा स्पॉन्सर करती हैं। कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ध | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | भा | म | ध | ग | रू |
| इं | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हे | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | म | म | द्रे | रू | ह | र | मो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | क्रि | श | म | चि | त्र | ध | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पश्चिम बंगाल में बाबरी विवाद- जमीन नहीं, तो मस्जिद कहां बनेगी.....?

## हुमायूं का जवाब- 6 दिसंबर को दिखाऊंगा


**'हुमायूं कबीर ने मस्जिद के लिए जो जमीन खरीदी है, उसका एग्रीमेंट दिखाए। उसने कोई जमीन खरीदी ही नहीं है, न ही वो कुछ बनाने वाला है। सिर्फ राजनीति कर रहा है। अब उसने मेरा और दूसरे विधायकों का नाम लेना शुरू कर दिया है कि हम अड़ंगा लगा रहे हैं। जब उसने घोषणा की थी, तभी से तय था कि वो सिर्फ इसे राजनीतिक मुद्दा बनाएगा। जब मस्जिद नहीं बन पाएगी तो कहेगा इन विधायकों ने नहीं बनने दी।'**



मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से टीएमसी विधायक हसनुज्जमां शेख बाबरी के नाम पर मस्जिद बनाने के हुमायूं कबीर के ऐलान को बस चुनावी तैयारी बताते हैं। उनका मानना है कि हुमायूं खुद इस ऐलान को लेकर गंभीर नहीं हैं। ये सिर्फ सियासी फायदे के लिए उठाया गया मुद्दा है।

दरअसल, मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक के जिस हिस्से में हुमायूं ने 6 दिसंबर को मस्जिद का शिलान्यास करने की बात कही है, वो तीन विधायकों के क्षेत्र में आती है। इसमें हुमायूं के अलावा बेलडांगा के टीएमसी विधायक हसनुज्जमां शेख और रेजिनगर से टीएमसी विधायक रबीउल आलम चौधरी का क्षेत्र भी शामिल है। हुमायूं अब इन दोनों पर जमीन न खरीदने देने का आरोप लगा रहे हैं।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या अब तक मस्जिद के लिए सच में जमीन नहीं मिली है? क्या 6 दिसंबर को बाबरी के नाम पर असल में मस्जिद का शिलान्यास किया जाएगा या फिर ये चुनाव में फायदा लेने के लिए सिर्फ एक सियासी हथकंडा है






## मस्जिद मेरी तो नाम भी मैं ही तय करूंगा...

जमीन के बारे में पूछने पर वो भड़कते हुए कहते हैं, 'आपको सब जानने की इतनी जल्दी क्यों है। मैं हर किसी को एग्रीमेंट तो नहीं दिखाऊंगा न। जो देखना या सुनना है, वो 6 दिसंबर को वेन्यू पर आकर देख लीजिएगा। वहीं हम सबकुछ बोलेंगे और दिखाएंगे।' क्या आपने कुछ जमीन खरीद ली है, क्योंकि आपकी ही पार्टी के विधायकों ने साफ कहा है कि आपके पास कोई जमीन नहीं है? हुमायूं इस पर भड़कते हुए कहते हैं, 'मैंने जमीन पहले ही ले ली थी, लेकिन मैं किसी को कुछ नहीं दिखाऊंगा। मर जाऊंगा, लेकिन मस्जिद की नींव 6 दिसंबर को रखी ही जाएगी।'

आपने मस्जिद का नाम बाबरी ही क्यों रखा? जवाब में हुमायूं कहते हैं, अरे बच्चा मेरा तो मैं ही नाम रखूंगा। मस्जिद मेरी है तो नाम भी मैं ही तय करूंगा।' आप कह रहे हैं कि दो विधायक आपको जमीन नहीं खरीदने दे रहे। आपने एक साल पहले मस्जिद बनाने का ऐलान किया था, तब भी ये अड़ंगा लगा रहे थे या अभी शुरू किया है? इस पर हुमायूं भड़कते हुए फिर कहते हैं, 'आपको इतनी जल्दी क्यों है, आपको इतना परेशान नहीं होना चाहिए? 6 दिसंबर को मैं सब बताऊंगा भी और दिखाऊंगा भी। मस्जिद की नींव रखी जाएगी। मेरी जिम्मेदारी मुझे निभाने दीजिए।'

हुमायूं मस्जिद का कंस्ट्रक्शन प्लान बताते हुए कहते हैं, '6 दिसंबर को नींव रखी जाएगी। 3 महीने का वक्त उद्धफ (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) अप्रूवल में लगेगा। 3 साल में मस्जिद बनकर तैयार हो जाएगी।' आप अभी किसी को जमीन का एग्रीमेंट नहीं दिखाएंगे क्या? इसके जवाब में हुमायूं कहते हैं, 'क्यों दिखाऊं, मैं अपना प्लान तो बता रहा हूं। जो दिखाना चाहिए, वो दिखा रहा हूं और बता रहा हूं।'

### टीएमसी बोली- हुमायूं इखढ का एजेंट, शुभेंदु अधिकारी के कॉन्टैक्ट में था

टीएमसी प्रवक्ता मानव जायसवाल से जब इस बारे में पूछा गया तो वो कहते हैं, 'पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने इस मामले को लेकर जांच बैठाई है। हुमायूं कबीर ने ये ऐलान क्यों किया, किसके कहने पर किया, वो भाजपा का एजेंडा किसके उकसाने पर चला रहा है, क्या इसके पीछे शुभेंदु अधिकारी हैं? इन सबको लेकर जांच की जा रही है।'

अब तक की जांच में क्या निकला? मानव बताते हैं, 'अभी जांच चल रही है। हालांकि बीजेपी लीडर शुभेंदु अधिकारी हुमायूं के संपर्क में थे।' फिर क्या ये सब इखढ ने करवाया? इस पर मानव कहते हैं, 'हुमायूं इखढ का पुराना साथी रहा है, लेकिन इंटरनल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हम कुछ स्पष्ट कह पाएंगे।'

मानव ये भी साफ करते हैं कि पार्टी का मस्जिद बनाने के ऐलान से कोई लेना-देना नहीं है। वे आगे कहते हैं, ह्यहम मस्जिद बनाने के समर्थक नहीं हैं। मस्जिद या मंदिर बनाना सरकार का काम नहीं है। ये सब संस्थाओं का जिम्मा है।ह्य

इसके साथ ही मानव कुछ मंदिरों के नाम भी गिनवाते हैं और कहते हैं, दीघा में जगन्नाथ मंदिर हमने बनवाया, कालीघाट कॉरिडोर रि-डेवलप कराया, दक्षिणेश्वर कॉरिडोर बनवाया और शांति निकेतन को भी रि-डेवलप किया। हम हर तरह की संस्था के लिए काम करते हैं।'

बाबरी के नाम पर मस्जिद बनाने के ऐलान को लेकर टीएमसी ने हुमायूं कबीर को पार्टी से बाहर कर दिया है। 2015 में भी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उसे ळटउ ने 6 साल के लिए निष्कासित किया था। लिहाजा 2018 में वो इखढ में शामिल हो गए। 6 साल का निष्कासन पूरा होने के बाद वो फिर टीएमसी में आ गए और भरतपुर सीट से विधायक बने।



### हुमायूं कबीर

पश्चिम बंगाल के भरतपुर से विधायक

**उम्र:** 62

**घर:** मुर्शिदाबाद का बेलडांगा



**2011:** कांग्रेस के टिकट पर रेजीनगर विधानसभा सीट से पहला चुनाव जीता

**2012:** आंतरिक विवादों की वजह से कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**2013:** TMC में शामिल हुए, पहले कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री बनाए गए

**2015:** पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में TMC ने 6 साल के लिए निकाला

**2016:** रेजीनगर से निर्दलीय चुनाव लड़े, लेकिन हार गए

**2018:** BJP में शामिल हो गए

**2019:** मुर्शिदाबाद से BJP के टिकट पर सांसद का चुनाव लड़ा और TMC कैंडिडेट से हारे

**2021:** निष्कासन की समय सीमा खत्म होने पर TMC में लौट आए

**2021:** भरतपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और फिर विधायक बने

**2025:** बाबरी नाम से मस्जिद बनाने के ऐलान को लेकर TMC ने फिर सस्पेंड किया

### हुमायूं के प्लान में सिर्फ ऐलान, वो मस्जिद नहीं बनाएगा

जिन पर हुमायूं जमीन न खरीदने देने का आरोप लगा रहे हैं। इनमें पहला नाम मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से विधायक हसनुज्जमां शेख और दूसरा नाम रेजिनगर (मुर्शिदाबाद) से विधायक रबीउल आलम चौधरी का था।

हुमायूं का आरोप है कि जिन किसानों से वो जमीन लेने की बात कर रहे हैं, ये दोनों विधायक उन्हें डरा-धमका रहे हैं। जमीन खरीदने में अड़ंगा लगा रहे हैं।

इस पर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से टीएमसी विधायक हसनुज्जमां शेख कहते हैं, 'वो सिर्फ ऐलान कर रहा है। उसका प्लान राजनीति करना है, मस्जिद बनाना नहीं। अगर होता तो वो जमीन का मुद्दा ही क्यों उठाता। ये बात वो पिछले साल से कह रहा है। वो चुपचाप जमीन खरीदता और नींव रख देता। उसे शोर मचाना है क्योंकि उसे अपनी राजनीति करनी है।'

वो पहले से राजनीति ही तो कर रहे हैं, आखिर वो टीएमसी से विधायक बने, अब और क्या करना है? 'उसके लिए पार्टी में पहले से ही कुछ ठीक नहीं चल रहा था। तीन अलग-अलग मामलों में नोटिस मिल चुका है। इस मुद्दे पर भी फटकार लगी।' इस विवाद के बाद टीएमसी ने हुमायूं को पार्टी से सस्पेंड भी कर दिया है।

हुमायूं तो कह रहे हैं कि मस्जिद बनाने के लिए वो जान भी दे देंगे? आप समझिए, पहले उसने ऐलान किया। फिर कहा कि हम मस्जिद बनाने नहीं दे रहे हैं। अब नहीं बनाएगा और फिर कहेगा मैं जान दे रहा हूं। मस्जिद का दुश्मन हमें ठहराएगा। लोगों के बीच हमें विलेन बनाकर खुद उनका नेता बन जाएगा और दंगा भड़काएगा। उसका बस इतना ही प्लान है। हम पूरी तरह अलर्ट हैं। यहां दंगा नहीं होने देंगे।'

### सियासी फायदे उठाने के लिए हुमायूं झूठ बोल रहा

मुर्शिदाबाद के रेजिनगर से टीएमसी विधायक रबीउल्ला आलम चौधरी तो हुमायूं के सारे दावों को खारिज करते हैं। वो हुमायूं के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहते हैं। बस इतना कहते हैं, 'हुमायूं झूठ बोल रहा है और मस्जिद का ऐलान करके सिर्फ राजनीति कर रहा है। वो कुछ नहीं बनाने वाला है, सिर्फ इसी तरह बयान देता रहता है।'

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 05 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**भावार्थ** : ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

**माधुर्य अक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।**
**धैर्य लयसमर्थ च षडेते पाठके गुणाः।।**

**भावार्थ** : माधुर्य, स्पष्ट उच्चारण, मार्ग, मधुर स्वर, धैर्य और तप ये एक पाठक के छह गुण हैं।

## दीपिका पादुकोणस्य भगिन्याः अनिषायाः विवाहः भवितुं प्रवृत्तः अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बालिवुड् अभिनेत्री दीपिका पादुकोणस्य परिवारे शीघ्रमेव विवाहाः पूर्णरूपेण प्रचलन्ति। दीपिकायाः अनुजभगिनी अनिषा पादुकोणः विवाहं कर्तुं प्रवृत्ता अस्ति, मीडिया-समाचार-पत्रानुसारं अनिषा दुबई-नगरस्य व्यापारिणा रोहन-आचार्येन सह पूर्वमेव नियोजितः अस्ति अचिरेण तौ व्रतं करिष्यतः इति कथ्यते, अयं विवाहः पादुकोने-कुटुम्बस्य देओल्-परिवारस्य च नूतनं बन्धनं चिह्नयिष्यति। अनिषायाः भावी श्वशुराणां सन्नी देओल परिवारेण सह निकटसम्बन्धः अस्ति। रोहन आचार्यस्य भगिनी दृष्टिः सन्नी देओलस्य ज्येष्ठपुत्रेण करणदेओलेन सह विवाहिता अस्ति। विवाहानन्तरं अनिषा दृषायाः भगिनी भविष्यति, रोहनस्य माध्यमेन दीपिका तस्याः परिवारेण सह देओलपरिवारेण सह निकटतरं सम्बन्धं स्थापयितुं समर्थाः भविष्यन्ति रोहन आचार्यः बिमलरायस्य प्रपौत्रः अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### अस्मिन् घोषणायां

बिहारस्य जनाः पूर्वमेव विश्वासं कुर्वन्ति स्म यत् तेजशवीः मुखं भविष्यति तस्य घोषणा च केवलं औपचारिकता एव अस्ति। एतदपि आसीत् यतोहि सर्वे गठबन्धनसहभागिनः अन्यस्मिन् एतादृशे नामे सहमतं कर्तुं न शक्तवन्तः। अस्मिन् घोषणायां विलम्बस्य एकं प्रमुखं कारणं आसीत् यत् काङ्ग्रेस-पक्षः यथासम्भवं अधिक-आसन-स्थानेषु स्वस्य दावान् दातुम् इच्छति स्म। अन्तिमसभानिर्वाचनेषु काङ्ग्रेस-पक्षस्य ७० आसनानि प्राप्तानि, परन्तु केवलं १९ जित्वा अतः, दलं अस्मिन् समये अधिकानि आसनानि इच्छति स्म, विजयस्य अधिकाः सम्भावनाः सन्ति। एतत् संभाषणं बहुकालं गृहीतवान् तथा च यदि यूनिटी इदानीं तेजशवी-नाम्ना न दर्शिता स्यात्, तर्हि सम्भवतः भव्य-सङ्घस्य कृते अतीव विलम्बः स्यात् तथापि, अद्यापि 'अनुकूलयुद्धस्य' सम्भावना अस्ति अर्थात् निर्वाचनस्य प्रतिस्पर्धां कुर्वन् केषुचित् आसनेषु परस्परसहमतिः भवति। ग्राण्ड गठबन्धनेन इदानीं एनडीए इत्यनेन पूर्वं आसनसाझेदारी घोषितं कृत्वा एनडीए प्राप्तं अग्रतां आच्छादयितुं प्रयत्नः कृतः अस्ति। एनडीए अस्मिन् समये सीएम अभ्यर्थी कश्चित् न कृतवान्। एतत् प्रथमं निर्वाचनं दशकद्वये यदा नितिशकुमारः गठबन्धनस्य नेतृत्वं करोति परन्तु मुख्यमन्त्रिपदस्य मुखं न भवति। भव्यगठबन्धनेन एनडीए इत्यस्य उपरि दबावः वर्धितः अस्ति यत सः स्वस्य नेतारं घोषयति। बिहारस्य अयं निर्वाचनः बहुधा भिन्नः अस्ति। निटिश-सर्वकारस्य घोषणायाः प्रतिक्रियारूपेण तेजशवी-महोदयः प्रतिज्ञानां श्रृङ्खला अपि कृतवान् अस्ति।

## एषा योजना आगामिपञ्चवर्षपर्यन्तं निरन्तरं भविष्यति

# येन बिहारे उच्चप्रौद्योगिकज्ञानस्य सुदृढः आधारः निर्मितः भविष्यति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

एते प्रशिक्षिताः कृषकाः राज्ये अन्येषां कृषकाणां कृते एतासां उच्चप्रौद्योगिकीयुक्तानां युक्तीनां उपयोगाय प्रशिक्षयिष्यन्ति, तेभ्यः अधिकं लाभं अर्जयितुं च प्रोत्साहयिष्यन्ति। एषा योजना आगामिपञ्चवर्षपर्यन्तं निरन्तरं भविष्यति, येन बिहारे उच्चप्रौद्योगिकज्ञानस्य सुदृढः आधारः निर्मितः भविष्यति।

ग्रामीण हाट्स् कायाकल्पः करणीयः, महिलाकृषकाणां विषये विशेषं ध्यानं दत्तम् कृषिक्षेत्रे महिलानां वर्धमानं महत्त्वपूर्णां च भूमिकां मनसि कृत्वा नीतीशकुमारसर्वकारेण 'मुख्यमन्त्री ग्रामीणहाटविकासयोजना' इत्यस्य आरम्भस्य अपि सज्जता कृता अस्ति। एषा योजना महिलाकृषकान् प्रोत्साहयितुं तेषां कृते उत्तमं व्यापारवातावरणं निमातुं च केन्द्रीभूता अस्ति। अस्याः उपक्रमस्य अन्तर्गतं ग्रामीणहाटेषु महिलानुकूलैः आधुनिकसुविधाभिः सुसज्जिताः भविष्यन्ति। योजनायाः विस्तृतगुरुयोजनायाः अन्तर्गतं एतेषु हाटेषु पक्कीमार्गाः, मुक्ताः आश्रययुक्ताः च मञ्चाः च प्रदत्ताः भविष्यन्ति येन कृषकाः स्वस्य उत्पादनानि सुरक्षितरूपेण विक्रेतुं शक्नुवन्ति।

हाटेषु स्वच्छतायाः सुविधायाः च विषये विशेषं बलं दत्तम् अस्ति; शौचालयाः (शौचालयसङ्कुलाः) निर्माय समुचितस्वच्छता सुनिश्चिता भविष्यति। अस्याः उपक्रमस्य उद्देश्यं अस्ति यत् महिलाकृषकाः स्वस्य कृषिजन्यपदार्थानाम् असुविधां वा सुरक्षाचिन्तां वा विना विपण्यं प्रति आनेतुं शक्नुवन्ति। एषा उपक्रमः ग्रामीण-अर्थव्यवस्थां सुदृढां करिष्यति, महिलासशक्तिकरणस्य च महत्त्वपूर्णं सोपानं सिद्धं करिष्यति उच्चप्रौद्योगिकीनिरीक्षणार्थं कृषिनियन्त्रणकमाण्डकेन्द्रम् कृषिं कृषकान् च अग्रिमस्तरं नेतुम् उच्चप्रौद्योगिकीयुक्तं 'कृषिनियन्त्रणकमाण्डकेन्द्रम्' अपि स्थापयितुं सर्वकारेण सज्जता कृता अस्ति। अस्य केन्द्रस्य उद्देश्यं कृषि-ग्रामीण-हाट-विपण्य-सम्बद्धानां सवेषां क्रियाकलापानाम् प्रभावीरूपेण निरीक्षणं भवति। एतत् कमाण्ड् सेण्ट कृषिविभागेन सह सम्बद्धानि सर्वाणि एप्स्, डिजिटल प्लेटफॉर्म च एकीकृत्य स्थापयिष्यति। एतत् एकीकृतमञ्चरूपेण कार्यं करिष्यति, यत्र कृषकाणां कृते मौसमसूचना, विपण्यमूल्यानि, सर्वकारीययोजनानां सूचनाः, विशेषज्ञपरामर्शः च समाविष्टाः सर्वाः सम्भवाः सहायताः प्रदास्यन्ति, एतानि सर्वाणि एकस्याः छतस्य अधः। एतत् कमाण्ड-केन्द्रं सर्वकारस्य आँकडा-सञ्चालित-निर्णयेषु सहायतां करिष्यति, योजनानां अधिक-प्रभावि-कार्यन्वयनस्य सुविधां च करिष्यति।

## वरिष्ठक्रीडकानां सल्लाहं

# विश्वस्तरीयस्पिर्न-क्रीडकानां सफलतया सम्मुखीभवन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सः सूचितवान् यत् एतत् दुर्बलतायाः विषये दलं कार्यं करिष्यति येन भारतीयदलः श्रीलङ्का-ऑस्ट्रेलिया-श्रृङ्खलायाः पूर्वं अधिकतया सज्जः भूत्वा क्षेत्रे प्रवेशं कर्तुं शक्नोति। एतदर्थं सः वरिष्ठक्रीडकानां सल्लाहं प्राप्तुं अपि कथितवान् ये स्वजीवने विश्वस्तरीयस्पिर्न-क्रीडकानां सफलतया सम्मुखीभवन्ति। एतेन सूचितं यत दलप्रबन्धनम् एतस्याः समस्यायाः निवारणाय अनुभवस्य विशेषज्ञतायाः च अवलम्बनं कर्तुं योजनां करोति।

स्पिर्न-क्रीडकाः गृह-पिच-मध्ये विनाशं कुर्वन्ति स्पिनविरुद्धं भारतीयबल्लेबाजानां संघर्षाः गतद्वये गृहे टेस्ट्-ऋतुषु स्पष्टाः अभवन्। परम्परागतरूपेण भारतीयपिचः स्पिन-मैत्रीपूर्णाः सन्ति, अत्रैव विपक्षदलानां संघर्षः अभवत्, परन्तु अधुना तस्य विपरीतम् एव भवति। भारतं स्वगृहे २०२४ तमे वर्षे न्यूजीलैण्ड्-विरुद्धं, २०२५ तमे वर्षे दक्षिण-आफ्रिका-विरुद्धं च प्रमुखाः अपमानजनकाः च पराजयः अभवन्। न्यूजीलैण्ड्-देशः भारतं ३-० इति स्कोरेन पराजितवान्, दक्षिण-आफ्रिका-देशः तु २-० इति स्कोरेन पराजितः एतेषां पराजयानां प्रमुखं कारणं विपक्षदलानां प्रबलं स्पिन-गेन्दबाजी आसीत्। न्यूजीलैण्डस्य अनुभविनो स्पिर्न मिचेल् सैन्टर्न अजाज् पटेल् च भारतीयपिचेषु असाधारणतया प्रभावीरूपेण गेन्दबाजीं कृतवन्तौ। इदानीं दक्षिण आफ्रिकादेशस्य आफ स्पिनरः सिमोन हार्मरः अपि टर्निंग् पिच्स् इत्यस्य शोषणं कृत्वा भारतीयबल्लेबाजान् निरन्तरं चुनौतीं दत्तवान्। एते विदेशीयाः स्पिन-क्रीडकाः भारतीयबल्लेबाजानां तान्त्रिकदोषान् उजागरयन्ति स्म। कदाचित् विश्वस्य सर्वोत्तमः (स्पिन् क्रीडनम्) इति मन्यमानः भारतः अधुना स्पिन-कलायां एव विदेशीयदलेभ्यः पृष्ठतः अस्ति इति विडम्बना।

## राशिफल

**मेष** : पैसों के मामले में आप महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में अच्छे हैं। पैसों के मामले में खुद पर कंट्रोल करें।

**वृषभ** : इन्वेस्टमेंट का फैसला सोच-समझकर ही करना सही होगा। सेहत सामान्य रहेगी, बस थकान से बचें।

**मिथुन** : आज तेल युक्त भोजन से बचें और खूब पानी पिएं। इसलिए ध्यान या मेडिटेशन मदद करेगा।

**कर्क** : रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। परिवार में कोई छोटा-सा मतभेद भी सुलझ सकता है। मन को शांत रखेंगे तो दिन संभल जाएगा।

**सिंह** : अगर कुछ ज्यादा रिस्की लगता है तो दूसरों को काम सौंपने या हेल्प लेने में संकोच न करें।

**कन्या** : धैर्य बनाकर रखें। आज होने वाले खर्चों की एक लिस्ट बना लें ताकि फालतू की चीजें ना खरीदें।

**तुला** : अपनी हेल्थ पर अब थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ वित्तीय स्टेबिलिटी भी आपके पक्ष में रहेगी।

**वृश्चिक** : नौकरी या व्यापार में सफलता मिलेगी। यात्रा करने का अवसर भी बन सकता है। खुद से प्यार करने पर ज्यादा ध्यान दें।

**धनु** : सेहत में आज थोड़ी दिक्कत हो सकती है। शांत रहें और धैरय से प्लानिंग करें। शाम तक राहत मिलेगी।

**मकर** : आज आपको अपने दोस्तों से मिलने के लिए भी समय निकालना चाहिए। सामाजिक जीवन में आप सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** : बस अपने खानपान पर ध्यान दें। धन की स्थिति पहले से बेहतर होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** : अपने खानपान पर ध्यान दें। धैर्य बनाकर रखें। आज होने वाले खर्चों की एक लिस्ट बना लें ताकि फालतू की चीजें ना खरीदें।

## ज्योतिष/वास्तु

# बृहस्पति करेंगे 3 राशियों में गोचर, जानें सिंह राशि के लिए कैसा रहने वाला है 2026

साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में उनका गोचर मिथुन राशि में रहेगा। 2 जून 2026 को बृहस्पति मिथुन से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। 31 अक्तूबर 2026 को बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। 13 दिसंबर 2026 को बृहस्पति सिंह राशि में वक्री हो जाएंगे। आइए समझते है कि सिंह राशि के लिए यह परिवर्तन कैसा रहने वाला हैं।

वैदिक ज्योतिष में गुरु को ज्ञान, धर्म, भाग्य, विवाह, संतान, धन और आध्यात्मिक उन्नति का कारक ग्रह माना जाता है। गुरु जहां बैठते हैं, वहां विस्तार, विकास और सीख का मार्ग खोलते हैं। जब गुरु शुभ होते हैं तो व्यक्ति के जीवन में उन्नति, सुख-समृद्धि और मान-सम्मान बढ़ता है।

साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में उनका गोचर मिथुन राशि में रहेगा। इसके बाद 2 जून 2026 को बृहस्पति मिथुन से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। फिर 31 अक्टूबर 2026 को बृहस्पति कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे।

इसके बाद 13 दिसंबर 2026 को बृहस्पति सिंह राशि में वक्री (वक्री चाल) हो जाएंगे। ऐसे में देव गुरु का 3 राशियों में गोचर सभी राशियों को प्रभावित करने वाला है। आइए समझते है कि सिंह राशि के लिए यह परिवर्तन कैसा रहने वाला हैं।

**गुरु मिथुन राशि में (जनवरी से 1 जून 2026)** – इस समय गुरु आपके ग्यारहवें भाव में रहेंगे, जिससे आय, लाभ और मित्रता के क्षेत्र में अच्छा सुधार दिखाई देगा। आमदनी के नए स्त्रोत बन सकते हैं और लंबे समय से रुका धन वापस मिल सकता है। मित्रों और वरिष्ठ लोगों से सहयोग मिलेगा, जिससे करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे। बड़े लक्ष्यों को पाने के लिए यह समय सकारात्मक रहेगा। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यवसाय करने वालों को नेटवर्किंग से लाभ होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और लोग आपकी सलाह को महत्व देंगे। इस समय बनाई गई योजनाएँ भविष्य में स्थायी लाभ देने वाली होंगी।

**गुरु कर्क राशि में उच्च (2 जून से 30 अक्टूबर 2026)** – गुरु इस दौरान आपके बारहवें भाव में उच्च स्थिति में होंगे, जिससे धर्म, विदेश और आध्यात्म से जुड़े विषय सक्रिय होंगे। विदेश यात्रा या विदेश से जुड़े कार्य लाभ दे सकते हैं। खर्च बढ़ेगा, लेकिन वे शुभ कार्यों, तीर्थ यात्रा या दान-पुण्य में जाएंगे। मानसिक शांति के लिए ध्यान और योग की ओर झुकाव बढ़ेगा। नौकरी में कुछ तनाव रह सकता है, लेकिन साथ ही नए अवसर भी मिल सकते हैं। यह समय भीतर से खुद को मजबूत बनाने का है। पुराने भय और नकारात्मक सोच से बाहर निकलने का अवसर मिलेगा।

यह अवधि सिंह राशि वालों के लिए सबसे प्रभावशाली रहेगी, क्योंकि गुरु आपकी ही राशि में प्रवेश करेंगे। आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। आप जो भी कार्य शुरू करेंगे, उसमें सफलता की संभावना प्रबल रहेगी। समाज और कार्यक्षेत्र में आपके विचारों को महत्व मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन और व्यापार में विस्तार के योग बनेंगे। विवाह योग्य लोगों के लिए अच्छे प्रस्ताव आएंगे। स्वास्थ्य सामान्य से बेहतर रहेगा और आप खुद को ऊजार्वान महसूस करेंगे। यह समय जीवन को नई दिशा देने और बड़े निर्णय लेने के लिए बहुत शुभ है।

**13 दिसम्बर 2026 से गुरु सिंह राशि में वक्री)**– जब गुरु वक्री होंगे, तब निर्णयों में थोड़ी उलझन और आत्मविश्लेषण की भावना बढ़ेगी। पुराने कार्य या अधूरे लक्ष्य फिर सामने आ सकते हैं, जिन्हें पूरा करना आवश्यक होगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें, खासकर पेट और वजन संबंधी समस्याओं का ध्यान रखें। किसी भी बड़े निवेश या समझौते को अंतिम रूप देने से पहले गहराई से सोचें। यह समय आपको जीवन की दिशा को सुधारने का अवसर देगा। यदि धैर्य रखें और आत्मविश्वास बनाए रखें, तो आने वाला वर्ष आपके लिए और अधिक फलदायी बन सकता है।

## खबर एक नजर...

### झाबुआ में रिश्तेदार के यहां मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** 16 नवम्बर को बड़नगर में मजदूरी के लिये आये परिवार की बालिका अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने तलाश की, नहीं मिलने पर बड़नगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने अपहरण की धारा में केस दर्ज किया और एसआई चांदनी पाटीदार, एएसआई सुनील देवके, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, आरक्षक कैलाश गरवाल और शोभित शुक्ला की टीम बनाई। आसपास सभी जगहों के कैमरों को खंगाला गया। वहीं तकनीकी साक्ष्यों को एकत्रित किया। 17 दिन बाद पता चला कि लापता बालिका पेटलावद के मोहनकोट में अंकल देवीलाल के यहां है। पुलिस टीम ने बालिका को पेटलावद झाबुआ पहुंचकर दस्तयाब किया। बालिका से पूछताछ में सामने आया कि माता-पिता उसकी शादी करना चाहते थे, लेकिन वह पढ़ना चाहती थी। इस बात पर नाराज होकर चली गई थी। अंकल के घर पहुंचने के बाद उन्हे भी माता-पिता को उसके आने के संबंध में बताने से इंकार कर दिया था। पुलिस ने समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।

### गिरफ्त में नहीं आया से छेड़छाड़ करने वाला डॉक्टर

**उज्जैन।** महिदपुर में क्लीनिक संचालित करने वाले डॉ. विमल पाठक के खिलाफ 15 साल की बालिका ने उपचार के दौरान गलत तरीके से छूने और छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। बालिका की शिकायत पर पुलिस ने पास्को एक्ट में मामला दर्ज किया था, लेकिन डॉक्टर फरार हो गया था, गुरूवार को भी आरोपित डॉक्टर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। बालिका ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह पेट दर्द का उपचार कराने परिवार के साथ पहुंची थी। उस दौरान डॉक्टर ने क्लीनिक में भर्ती कर बोतल चढ़ाई थी। उस दौरान गलत तरीके से उसने छुआ था, तब वह समझ नहीं पाई थी। 3 दिन बाद दोबारा चैकअप के लिये पहुंची तो डॉक्टर ने दोबारा वैसी हरकत की बेड टच किया। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के अनुसार डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। एक टीम परिजनों से पूछताछ कर डॉक्टर के ठिकानों का पता लगा रही है। जल्द गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### गोली मारने की धमकी देने वाला बदमाश पकड़ाया

**उज्जैन।** कार और रिक्शा की टक्कर होने के बाद बदमाश ने कार को कांच फोड़ दिया था और चालक को कट्टा दिखाक गोली मारने की धमकी दी थी। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। गुरूवार शाम पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लिया है। उसके साथियों की तलाश जारी है। फाजलपुरा लाला लाजपतराय मार्ग पर रहने वाला रवि पिता सुरेश बाथम अपनी कार से घर लौट रहा था। बाबा प्लास्टिक के सामने फाजलपुरा रोड पर रिक्शा से टक्कर हो गई। रिक्शा चालक ने विवाद करते हुए अपने साथी को बुला लिया। साथी ने आते ही पाइप से कार का कांच फोड़ दिया और रवि बाथम के घर में घुसकर मारपीट करते हुए कट्टा दिखाकर गोली मारने की धमकी दी। घटनाक्रम के बाद रवि बाथम ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद गोली मारने की धमकी देने वाले मजहर खान निवासी अवंतिपुरा को हिरासत में ले लिया है। उसके दूसरे साथी का नाम शौकत सामने आया है। जो मजहर का रिश्तेदार है, वही एक अन्य आरोपी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि मजहर बदमाश प्रवृति का है, उससे कट्टा बरामद करने के प्रयास किये जा रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 136-0 | 234-9 |
| मेन बाजार | 789-4 | 169-6 |
| मिलन डे | 225-9 | 278-7 |
| मिलन नाइट | 277-6 | 578-0 |

2 7 0

### हिरासत में कियोस्क संचालक, ढाई लाख की राशि बरामद

# 62 बैंक उपभोक्ताओं के खातों से उड़ाये थे 32.41 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। बैंक खाताधारकों के साथ 32.41 लाख से अधिक का गबन करने वाला कियोस्क संचालक हिरासत में आ गया है। पूछताछ के बाद उसके कियोस्क सेंटर से ढाई लाख की राशि बरामद की गई है। पुलिस ने 62 बैंक उपभोक्ताओं की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि श्रीकृष्ण कालोनी में शगुन एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर का संचालन आनंद बागडिया द्वारा किया जाता था। नम्बर माह में कियोस्क सेंटर का ताला लगाकर परिवार सहित गायब हो गया था। तब बैंक उपभोक्ताओं को पता चला था कि उनके खातों से लाखों की राशि का अवैध तरीके से ट्रांजेक्शन किया गया है। 62 लोगों ने आंनद बागडिया के खिलाफ आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि कियोस्क संचालक ने 32 लाख 41 हजार 670 रूपयों को गबन किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) विश्वासघात एवं अमानत में खयानत, 316 (2) धोखाधड़ी और 316 (5) अपराधिक विश्वासघात एवं आर्थिक लाभ के लिये छल का प्रकरण दर्ज किया गया। आनंद बागडिया की तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया है। वह एक माह पहले कियोस्क पर ताला लगाकर दिल्ली भाग निकला था। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसके घर से ढाई लाख की राशि और रजिस्ट्रर गुरूवार शाम बरामद किये गये है। उसने बैंक उपभोक्ताओं की राशि का ट्रांजेक्शन अपनी परिचित गायत्री हुकुमचंद और सरिता बागड़िया के खातों में किया था। फिलहाल पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी आंनद ने एक फर्जी टेलीग्राम की लिंक के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया था। उसके साथ लाखों की धोखाधड़ी हो गई थी, जिसके चलते उसने राज्य सायबर सेल में शिकायत आवेदन दिया है।



#### उपभोक्ताओं के साथ ऐसे किया गबन

आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वह 2016 से बैंक ऑफ इंडिया और एनआईसीटी कंपनी के साथ बैंकिंग कियोस्क का संचालन करा रहा था। शुरूआत में सब सामन्य रहा। फिर टेलिग्राम पर क्रिप्टो करेंसी की लिंक के माध्यम से मुनाफा कमाने के मायाजाल में फंस गया। लाखों गंवाने के बाद उसने कियोस्क पर आने वाले जीरों बैंलेंस बैंक उपभोक्ताओं के साथ ठगी करना शुरू कर दिया। कियोस्क सेंटर पर राशि जमा कराने आने वाले ग्राहकों से रुपए लेकर रजिस्ट्रर में हस्ताक्षर करवा लेता था, लेकिन बैंक में जमा नहीं करता था। वहीं राशि निकालने वालों से बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवा लेता था और सर्वर डाउन होने का झांसा देकर राशि को अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर कर देता था।

#### हर बिंदू पर जांच कर रही पुलिस टीम

थाना प्रभारी कनोड़िया के अनुसार आरोपी से पूछताछ कर हर बिंदू पर जांच की जा रही है। सभी बैंक खातों और डिजीटल लेने देने के साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे है। संबंधित बैंक एवं तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से वितीय विश्लेषण शुरू किया गया हैप्रकरण में और व्यक्तियों की संलिप्तता पाई जाने पर अतिरिक्त कार्यवाही की जाएगी। पूरे मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने और पूछताछ में एसआई दौलतसिंह रावत, आरक्षक मोतीलाल वर्मा, महेंद्र, श्याम की भूमिका है।

## हिरासत में नकली नोट छापने वाले, 19 लाख से अधिक मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



एक बार फिर शहर में नकली नोट छापने का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने कुछ युवको को हिरासत में लिया है। जिनके पास से लाखों के नोट और छपाई के उपकरण मिले है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को खबर मिली थी कि देवासगेट थाना क्षेत्र के हीरामिल की चाल में कुछ युवको द्वारा नकली नोट छापने का काम किया जा रहा है। पुलिस की अलग-अलग टीम ने मामले का पदार्फाश करने के लिये घेराबंदी की और कुछ युवको को हिरासत में लिया। जिसमें सोनू नामक युवक भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 19 लाख से अधिक के नकली नोट बरामद करने के साथ नोट छापने के उपकरण जप्त किये है। फिलहाल युवको से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि कब से नोट छापने का काम कर रहे थे और कहां खपाये है। अब तक कितने नोट बाजार में चला चुके है और कौन-कौन शामिल है। संभवतः पुलिस आज पूरे मामले का खुलासा कर सकती है। विदित हो कि सितंबर माह में भी माधवनगर थाना पुलिस ने नकली नोट गिरोह का पदार्फाश किया था। उस दौरान फ्रीगंज क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स दुकान संचालित करने वाले होरीलाल प्रजापति की दुकान पर आकर 2 युवको ने सौ और दो सौ नकली नोट देखकर सामान की खरीददारी की थी। जिसमें एक मोबाइल लिया गया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उस वक्त सामने आया था कि नकली नोट ढांचा भवन क्षेत्र के गोदाम में छापे जा रहे थे।

## खुद बता रहा था दादा, पुलिस ने निका ली हैकड़ी

### युवक को शराब के रुपए नहीं देने पर मारे थे चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



खुद को दादा बातकर शराब के रुपए नहीं देने पर युवक को चाकू मारने वाले बदमाश की पुलिस गिरफ्त में आते ही हैकड़ी निकल गई। बदमाश से घटनास्थल की तस्दीक कराई गई, इस दौरान उठक-बैठक लगाता चल रहा था और अपराध नहीं करने की तौबा कर रहा था।

गणेश कालोनी जयसिंहपुरा में रहने वाला शंशाक पिता चंदनसिंह परिहार महाकाल मंदिर के समीप फूल प्रसाद की दुकान लगाता है। 25 नवम्बर की सुबह पैदल कोटमोहल्ला चौराहा होते हुए दुकान जा रहा था, उसी दौरान बदमाश धर्मेन्द्र योगी ने रास्ता रोका और कहा कि मुझे जानता नहीं है, मैं यहां का दादा हूं। मुझे शराब पीने के रुपए देना होगें। शंशाक के मना करने पर उसने गाली-गलौच शुरू कर दी और चाकू निकालकर हमला किया। चाकू जांघ पर लगा तो शंशाक ने शोर मचाया, बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। महाकाल थाना पुलिस ने शंशाक की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा अवैध वसूली और चाकूबाजी करने का मामला दर्ज किया था। गुरूवार को बदमाश धर्मेन्द्र पिता प्रेमनाथ योगी निवासी कतिया बाखल पुलिस की हिरासत में आ गया। दोपहर में पुलिस उसे घटनास्थल पर तस्दीक कराने के लिये लेकर पहुंची, वहीं खुद को क्षेत्र का दादा बताने के लिये उसका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश कान पकड़क उठक-बैठक लगता रहा और अपराध नहीं करने की तौबा करता रहा। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बदमाश के खिलाफ पूर्व में 20 से अधिक मामले दर्ज है। उसे घटनास्थल की तस्दीक के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### प्राचार्या से प्रताड़ित और 8 दिन की छुट्टी काटी, छात्रावास से दूसरी जगह भेज दिया

# पानी की टंकी पर चढ़ी छात्रावास में काम करने वाली महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देवासरोड छात्रावास में काम करने वाली महिला गुरूवार शाम समीप पानी की टंकी पर चढ़ गई। उसके द्वारा कूदने की धमकी दी जाने लगी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाईश के बाद नीचे उतारा गया।

मामला लालपुर स्थित ज्ञानोदय स्कूल से जुड़े छात्रावास का होना सामने आया है। छात्रावास में काम करने वाली अंशकालिक दैनिक श्रमिक महिला सुनीता शाम को एकाएक समीप पानी की टंकी पर चढ़ गई और कूदने की धमकी देने लगी। खबर मिलते ही नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल महिला आरक्षक और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुनीता को नीचे उतारने के प्रयास शुरू किये गये, लेकिन वह स्कूल की प्राचार्या संध्या शर्मा पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाने लगी। थाना प्रभारी ने नीचे उतरने के बाद प्राचार्या से चर्चा करने की बात कहीं, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं थी। थाना प्रभारी ने उसे अपनी बातों में उलझाकर रखा और समझाईश देते रहे। उसी दौरान महिला आरक्षक और पुलिसकर्मी टंकी पर चढ़ गये। उन्होने महिला को पकड़ा और नीचे उतारकर ले आये। सुनीता का कहना था कि वह नागझिरी क्षेत्र में रहती है और 2009 से काम कर रही है। प्राचार्या द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। उसकी 8 दिन की छुट्टी काटी गई, उसे छात्रावास से दूसरी जगह भेज दिया गया। वहीं प्राचार्या से चर्चा में सामने आया कि छात्रावास में बच्चों को भोजन देने के लिये बोला प्रताड़ना नहीं है। सुनीता काम नहीं करती है बैठी रहती है। बच्चों को भोजन देना जरूरी है। वहीं थाना प्रभारी निगवाल का कहना था कि सूचना मिली थी कि छात्रावास के पीछे टंकी पर महिला चढ़ी है। उसे नीचे उतारा गया इस दौरान सामने आया कि महिला को ड्युटी के लिये कही ओर भेजा जा रहा था। इसी से दुःखी होकर उसने ऐसा कृत्य किया, प्राचार्या से भी चर्चा की गई है, महिला को वापस छात्रावास में रखा गया है। दोनों ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com